




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 148 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी 2026 डाक 28 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

अमित शाह बिहार के लेटी और इंदरवा में बॉर्डर आउट पोस्ट के उद्घाटन के दौरान एक पौधा लगाते हुए।



**देश-विदेश**

अफगानिस्तान का पलटवार: पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान ने खोला मोर्चा, सीमा पर भारी गोलाबारी



**फीचर पेज**

घर पर पिज्जा बनाते समय इन मसालों का करें इस्तेमाल, मिलेगा असली स्वाद




# अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत, शराब घोटाले मामले में बरी

**नईदिल्ली 27 फरवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली की बहुचर्चित शराब नीति से जुड़े मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को आरोपों से बरी कर दिया है। कोर्ट की ओर से दोनों को क्लीन चीट मिली है। कोर्ट ने साफ कहा कि केवल दावे करने से काम नहीं चलेगा। कोर्ट किसी भी आरोप पर तभी भरोसा कर सकती है जब उसके साथ ठोस और पर्याप्त सबूत हों। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी की ओर से पेश किए गए सबूत कमजोर और अपर्याप्त हैं। सबसे पहले अदालत ने कुलदीप सिंह, जो आबकारी विभाग में कमिश्नर रहे हैं, उन्हें बरी किया। इसके बाद मनीष सिसोदिया को राहत दी गई और फिर अरविंद केजरीवाल को भी बरी करने का आदेश दिया गया। कोर्ट की टिप्पणी से यह स्पष्ट हुआ कि दाखिल की गई चार्जशीट में कई खामियां थीं। अदालत ने कहा कि कई ऐसे बिंदु हैं जिन पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

इसी आधार पर राहत दी गई। हालांकि, जांच एजेंसी का कहना है कि वह इस आदेश से संतुष्ट नहीं है और इसे हाईकोर्ट में चुनौती देगी। सीबीआई के वकीलों की ओर से संकेत दिया गया है कि आदेश का विस्तृत अध्ययन करने के बाद ऊपरी अदालत में अपील दायर की जाएगी। फिलहाल अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. यह मामला 2022-23 के दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़ा है. उसी आधार पर सीबीआई ने केस दर्ज किया था और बाद में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में मामला दर्ज किया। आम आदमी पार्टी के कई नेता इस केस में जेल गए थे। कई बार जमानत याचिकाएं खारिज हुईं, बाद में जमानत मिली।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में हुई सवार



**नईदिल्ली 27 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को एक कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में एक विशेष उड़ान भरी। दरअसल शुक्रवार 27 फरवरी को राष्ट्रपति राजस्थान के जैसलमेर में मौजूद रहीं। यहां वह भारतीय वायुसेना के प्रमुख युद्धाभ्यास 'वायुशक्ति' की साक्षी बनीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां पहुंचने पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में यह विशेष उड़ान भरी। इस दौरान वह फ्लाइंग हेलमेट और फ्लाइट ड्रेस में नज़र आईं। 'प्रचंड' हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इसे विशेष रूप से कठिन युद्ध परिस्थितियों में संचालन के लिए तैयार किया गया है। यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी उड़ान भर सकता है। 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति की यह उड़ान स्वदेशी रक्षा क्षमताओं और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश की प्रगति का प्रतीक मानी जा रही है। राष्ट्रपति की यह उड़ान दो 'प्रचंड' हेलिकॉप्टरों के समूह के रूप में संचालित की गई। दूसरे हेलिकॉप्टर में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सवार रहे। भारतीय वायुसेना द्वारा द्वारा आयोजित 'वायु शक्ति 2026' अभ्यास में विभिन्न लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और उन्नत हथियार प्रणालियां अपनी मारक क्षमता और सटीकता का प्रदर्शन कर रही हैं। यह अभ्यास देश की वायु शक्ति, सामरिक तैयारी और पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच है। वहीं ऐसे सैन्य प्लेटफार्म से राष्ट्रपति की यह ऐतिहासिक उड़ान सशस्त्र बलों के मनोबल को और सुदृढ़ करेगी। साथ ही यह स्वदेशी रक्षा उत्पादन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिसंबर माह के दौरान को भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से निर्मित कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार हुई थीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से यह यात्रा शुरू की थी। राष्ट्रपति की वह यात्रा भारतीय नौसेना की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा निर्माण कार्यक्रम का सशक्त प्रतीक थी। उस विशेष अभियान में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी राष्ट्रपति के साथ मौजूद थे। राष्ट्रपति को नौसेना की इस पनडुब्बी की परिचालन क्षमता, स्टील्थ फीचर्स व हथियार प्रणालियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें भारतीय नौसेना के अंडरवॉटर वॉरफेयर नेटवर्क के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई थी। यह सॉर्टी कई मायनों में ऐतिहासिक है। दरअसल यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कलवरी क्लास की पनडुब्बी पर यह पहला दौरा था। भारतीय इतिहास में ऐसा करने वाली वह दूसरी राष्ट्रपति हैं।

## कुलसचिव की टीचर बेटी की मौत सूरजपुर में हुआ सड़क हादसा

**सूरजपुर।** एक सड़क दुर्घटना में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुनेश्वरपुर में पदस्थ शिक्षिका शिखा त्रिपाठी (32) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। शिक्षिका के पांच वर्षीय बेटे को गंभीरावस्था में अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। मृतिका शिक्षिका संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर के कुलसचिव की सुपुत्री हैं। इस घटना के बाद नगर में शोक की लहर दौड़ गई। यूकेलिप्टस की अवैध तस्करी में लिप्त टैक्टर को चालक और परिचालक सहित पुलिस ने हिरासत में लेकर वाहन को थाने में खड़ी करा दी है।

# रायपुर-रतनपुर रोड में 4 की मौत, ट्रेलर और स्कॉर्पियो के बीच हुई टक्कर

**बिलासपुर, 27 फरवरी [एजेंसी]।**

रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर सम्बलपुरी स्थित यादव ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे ट्रेलर क्रमांक CG 11 BD 9044 सकरी-रतनपुर की ओर से रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेलर अनियंत्रित



होकर रॉन्ग साइड में पहुंच गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक CG 04 MQ 4220 को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पास में खड़े एक अन्य ट्रेलर को भी अपनी चपेट में लेते हुए पलट गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग वाहन के अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही सकरी पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचा। वाहन में फंसे लोगों को निकालने के लिए गैस कटर का सहारा लिया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया, तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी।

# एआई समिट में प्रदर्शन के लिए छपवाई थीं 1 लाख टी-शर्ट

## कोर प्लानिंग टीम में थे शिमला से गिफ्तार यूथ कांग्रेसी



**नईदिल्ली 27 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत मंडपम में AI India Impact Simmit के दौरान शर्टलेस प्रदर्शन करने के मामले में शिमला से गिरफ्तार तीनों यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता कोर प्लानिंग टीम का हिस्सा था। दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करने के दौरान यह दलील दी है। पटियाला हाउस स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने तीनों को 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मृदुल गुप्ता ने दिल्ली पुलिस की रिमांड याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दिल्ली पुलिस ने आरोपितों की पांच दिन की हिरासत मांगते हुए दलील दी गिरफ्तार आरोपित सिद्धार्थ अवधूत, सौरभ और अरबाज खान प्रदर्शन की कोर प्लानिंग टीम का हिस्सा थे। तीनों हिमाचल प्रदेश के एक रिसॉर्ट में छिपे थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि, अदालत ने तीन दिन की पुलिस कस्टडी मंजूर की और निर्देश दिया कि रिमांड अवधि पूरी होने पर आरोपितों को एक मार्च को फिर अदालत में पेश किया जाए। पुलिस ने दलील दी कि उन्हें अच्छी तरह पता था कि उनके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वे छिपे हुए थे।

अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि सिद्धार्थ ने प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शित की गई टी-शर्ट का डिजाइन तैयार किया था, जबकि सौरभ ने वाट्सऐप ग्रुप बनाकर प्रदर्शन के समन्वय में भूमिका निभाई। पुलिस ने दलील दी कि सौरभ और अरबाज प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने दावा किया कि घटना अचानक नहीं बल्कि पूर्व नियोजित थी, जिसमें भूमिकाओं का स्पष्ट बंटवारा, पहचान छिपाने की रणनीति और घटना के बाद समन्वित मूवमेंट शामिल था।

पुलिस ने दलील दी कि एक लाख से अधिक टी-शर्ट छपवाई गई थी और अब उनके प्रिंटिंग स्रोत, फंडिंग, साजिश की रूपरेखा, अंतरराज्यीय समन्वय व अन्य शामिल लोगों की पहचान करना जरूरी है।वहीं, बचाव पक्ष के वकील रूपेश सिंह भदौरिया ने पुलिस की कार्रवाई को विच हंट बताते हुए कहा कि यह शांतिपूर्ण राजनीतिक विरोध था। उन्होंने तर्क दिया कि कोई हिंसा नहीं हुई, किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं पहुंची और गिरफ्तारी के लिए नए आधार मौजूद नहीं हैं। बचाव पक्ष ने इसे विपक्षी दल के युवा संगठन को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया।

# 4 जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें आज से लागू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार गाइडलाइन दरों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं। उक्त निर्देशों के अनुरूप दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समग्र परीक्षण के पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया।

# चंडीगढ़ में स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर पहुंची बम स्कायड



**चंडीगढ़, 27 फरवरी [एजेंसी]।**

शुक्रवार सुबह शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब ईमेल के जरिए कई शिक्षण संस्थानों और एक सरकारी भवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।धमकी भरे मेल में डीपीएस स्कूल, संत कबीर स्कूल, विवेक हाई स्कूल सेक्टर-38 के साथ-साथ पंजाब सचिवालय को निशाना बनाने की बात कही गई है। मेल में अगले दो दिनों के भीतर बम धमाके करने की चेतावनी भी दी गई है। धमकी मिलते ही संबंधित स्कूलों के प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। एहतियातन स्कूल परिसरों को खाली कराया गया। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें पहुंचीं। सुरक्षा बलों ने स्कूल परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सचिवालय परिसर में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने-जाने वालों की सख्ती से जांच की जा रही है। पुलिस की साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हुई है। अधिकारियों ने अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

गौरतलब है कि करीब एक महीने पूर्व भी शहर के लगभग 30 स्कूलों को इसी प्रकार ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया था, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई थी। लगातार मिल रही ऐसी धमकियों से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में चिंता का माहौल है। पुलिस पूर्व मामलों की भी जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इन घटनाओं के पीछे किसी एक व्यक्ति या गिरोह का हाथ तो नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# होली में मुर्गा... ना बाबा ना! पटना में बर्ड फ्लू की एंट्री, 6000 मुर्गियां दफन, जू में भी हाई अलर्ट




**पटना।** होली का रंग चढ़ने ही वाला है, लेकिन इस बार मुर्गा पार्टी पर ब्रेक लग गया है। बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा मंडरा रहा है और पटना में मुर्गियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। चितकोहरा के कौशल नगर स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने सभी मुर्गियों को दफना दिया है। इलाके को पूरी तरह सेनिटाइज कर एहतियात बरतने की अपील की गई है। संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया गया है। साथ ही 9 किलोमीटर तक के इलाके को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। यहां अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

पटना डीएम के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गा-मुर्गी के आवागमन पर भी प्रतिबंध है।कौशल नगर में चेक पोस्ट बनाया गया है। शास्त्रीनगर और बाइपास थाना पुलिस निगरानी में जुटी है।मुर्गी फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है।घनी आबादी के कारण प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। सेनिटाइजेशन प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही सामग्री के उपयोग की अनुमति होगी। जिला प्रशासन ने दो महीने तक मुर्गा-मुर्गी पालन पर रोक लगा दी है। लोगों से घबराने नहीं, बल्कि सावधानी रखने की अपील की गई है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894


सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# अफगानिस्तान ने गिराया पाकिस्तानी एफ-16 फाइटर जेट, सरहद पर ही कर दिया नेस्तनाबूद, तालिबान ने मुनीर की उड़ाई नींद



**नईदिल्ली 27 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान के प्रमुख मीडिया संस्थान टोलो न्यूज के अनुसार, अफगान सेना ने अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाले एक पाकिस्तानी स्न-16 फाइटर जेट को मार गिराया है। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर जलते हुए विमान की तस्वीर वायरल हो रही है। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि या प्रतिक्रिया नहीं आई है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान के एयरस्पेस में घुसे एक पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट को अफगान सेना ने मार गिराया है। सोशल मीडिया पर एक जलते हुए प्लेन के मलबे का बिना वेरिफाई किया हुआ वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दावा किया गया है कि यह एक पाकिस्तानी एफ-16 फाइटर जेट है जिसे अफगान सेना ने मार गिराया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पाकिस्तानी एफ-16 विमान (क्रम संख्या 85610) और एरो स्क्वाड्रन के मलबे को दिखाया गया है।

अफगान मीडिया ने दावा किया कि शुक्रवार को पाकिस्तानी हवाई हमलों के अफगान हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद उनकी सेना ने इसे मार गिराया। पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर हमले की पुष्टि तो की है, लेकिन विमान नुकसान को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन, ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में ली अंतिम सांस



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया है। उन्हें चौथे स्टेज का लिवर कैंसर था। बीते मंगलवार को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन स्थित यथार्थ हास्पिटल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। उनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही थी। पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर घर लौट आए थे। उस वक्त रिंकू टीम के साथ चेन्नई में थे। उन्हें टी-20 विश्वकप के दौरान टीम का प्रैक्टिस सेशन छोड़ना पड़ा था। रिंकू सिंह ने हाल के वर्षों में भारतीय क्रिकेट में अपनी एक खास पहचान बनाई है। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और मैच जिताऊ पारियों के लिए जाने जाने वाले रिंकू सिंह का क्रिकेट करियर काफी प्रेरणादायक रहा है।

## कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को खाते में दी जाएगी राशि

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के अन्नदाताओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिले में धान बेचने वाले किसानों को योजना का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरित किया जाएगा। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कोरबा जिले के कुल 43 हजार 681 किसानों ने अब तक इस योजना का लाभ उठाया है। योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप, जिले में कुल 27 लाख 47 हजार 101.20 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसके एवज में किसानों के खातों में 20 हजार 081.31 लाख रुपये (लगभग 200.81 करोड़ रुपये) की बड़ी राशि हस्तांतरित की जाएगी।

विकासखंडवार आंकड़ों पर नज़र डालें तो करतला विकासखंड इस योजना का लाभ लेने में सबसे आगे रहा है, जहाँ 13 हजार 358 किसानों ने 09 लाख 82 हजार 873.20 क्विंटल धान बेचकर 07 हजार 184.80 लाख रुपये की राशि, पाली विकासखंड में 10 हजार 157 किसानों को 05 लाख 53 हजार 834.80 क्विंटल धान के बदले 04 हजार 048.54 लाख रुपये का भुगतान, पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड में 07 हजार 649 किसानों को 04 लाख 53 हजार 565.20 क्विंटल धान के एवज में 03 हजार 315.54 लाख रुपये का तथा कोरबा विकासखंड के 07 हजार 068 किसानों को 04 लाख 74 हजार 294 क्विंटल धान हेतु 03 हजार 467.10 लाख रुपये और कटघोरा विकासखंड के 05 हजार 449 किसानों को 02 लाख 82 हजार 534 क्विंटल धान के लिए 02 हजार 065.33 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

## हाई स्कूल सामाजिक विज्ञान परीक्षा-2026 : जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज हाई स्कूल परीक्षा विषय सामाजिक विज्ञान (300) की परीक्षा आयोजित की गई। कोरबा में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 19 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल क्रमांक 1 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बालको, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बालको, अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी, भैसमा, नोनबिर्रा, सेन्द्रीपाली, रामपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोतली का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेमरू एवं अजगरबहार का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 द्वारा सेजेस तिवरता, चैतमा, माखनपुर, मुनगाडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकसाही और रिजर्व दल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरमिना, सेजेस कोरबी, चोटिया का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित होना पाया गया। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई।दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12,425 रही, जिनमें से 12,069 विद्यार्थी उपस्थित थे और 356 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## मैत्री' व्हाट्सएप/मोबाइल नंबर 9479282100 पर की जा सकती है शिकायत

**कोरबा।** वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। कई बार उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़िताएँ लोक-लज्जा एवं झिझक के कारण थाना या चौकी जाकर शिकायत करने में संकोच करती हैं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस कोरबा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना थाना पहुँचे ही तत्काल सहायता प्रदान करने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'सजग कोरबा- सतर्क कोरबा' अभियान के तहत 'मैत्री' व्हाट्सएप हेल्पलाइन प्रारंभ की है।

इस हेल्पलाइन का मोबाइल नंबर 9479282100 है, जिसके माध्यम से कोई भी पीड़ित महिला या बालिका उत्पीड़न, छेड़छाड़, धमकी या किसी भी प्रकार की त्रासदी की शिकायत सीधे दर्ज करा सकती है। हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत से संबंधित शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर एवं ऐसी कोई भी जानकारी, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हो, पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह पहल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय माध्यम उपलब्ध कराती है, जिससे वे बिना किसी भय या संकोच के सहायता प्राप्त कर सकें।

जिला पुलिस कोरबा द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों में इस हेल्पलाइन नंबर के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा की जानकारी प्राप्त कर सकें और जरूरतमंद पीड़िताएँ तुरंत इसका लाभ ले सकें।

## जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने दो आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर किया

**कोरबा।** जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने आज दो महत्वपूर्ण और कठोर दण्डात्मक कार्रवाइयाँ की हैं। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए आदतन अपराधी अंचल अग्रवाल तथा संजय पावले को एक वर्ष की अवधि के लिए कोरबा तथा नौ सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से जिला बदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार अनावेदक अंचल अग्रवाल उर्फ जिनी, उम्र-30 वर्ष, पिता श्री अनिल अग्रवाल, साकिन-आर.एस.एस. नगर, एम.आई.जी.-1/55 पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर, थाना कोतवाली, जिला-कोरबा (छ0ग0) का निवासी है, जो ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। अनावेदक ट्रांसपोर्टिंग के साथ-साथ मारपीट, लूट, भयादोहन, अवैध शराब तस्करी, बलवा जैसे मामला में संलिप्त रहा है। अनावेदक के द्वारा आम जनता से मारपीट कर उन्हें डराने धमकाने के काम करता रहा है, जो अनावेदक के कृत्यों से आम लोगों के मन में भय व दहशत पैदा कर अपना वर्चस्व स्थापित करता है। जिनके कृत्यों पर रोक लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी किया गया था, उसके बाद भी अनावेदक के कृत्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है। कई लोग इनके डर से इनके कृत्यो का पुलिस के पास सूचना भी नहीं देते है। अनावेदक आम लोगों के लिए आंतक का पर्याय बना हुआ है। अनावेदक के विरूद्ध पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर में मारपीट, थाना, सिविल लाईन रामपुर में लूठ व भयादोहन जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध है। अनावेदक अंचल अग्रवाल उर्फ जिनी आंतक का पर्याय बन चुका है।

# प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका, उत्तरदायित्व सहित प्रशिक्षण प्रबंधन की दी गई जानकारी

### जनगणना 2027- राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने चार्ज अधिकारियों को दिया विस्तृत प्रशिक्षण





**कोरबा ।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज जनगणना निदेशालय के संयुक्त निदेशक श्री अशोक मिश्रा एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक तथा मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश पांडे ने जिले के सभी चार्ज अधिकारियों (तहसीलदारो) को प्रशिक्षण प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सत्र के दौरान संयुक्त निदेशक द्वारा सीएमएमएस पोर्टल में दर्ज की जाने वाली सभी प्रविष्टियों की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। उन्होंने प्रशिक्षण बैच तैयार करने, शेड्यूल निर्माण, सभी तहसीलों में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने तथा अटेंडेंस शीट तैयार करने जैसे आवश्यक प्रबंधन कार्यों पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण हेतु कार्यक्षेत्र निर्धारण, नक्शे पर लिस्टिंग, मकान सूचीकरण मानचित्र को स्कैन कर सीएमएमएस में अपलोड करने, लैंडमार्क का सटीक उल्लेख सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री मिश्रा ने प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका, उत्तरदायित्व तथा विधिक प्रावधानों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रगणक के रूप में कर्तव्य, पर्यवेक्षक के रूप में कर्तव्य, प्रकरण प्रबंधन, निरीक्षणीय अधिकार, भावनात्मक संवेदनशीलता, मकानों को क्रमवार नंबर प्रदान करना, नजरी नक्शा तैयार करना, मकान सूचीकरण एवं मकान गणना प्रपत्रों को सही ढंग से भरना और स्वाग प्रक्रिया के अनुपालन की क्या-क्या महत्वपूर्ण बातें हैं।

सत्र के दौरान पीपीटी (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन टेक्नोलॉजी) के माध्यम से चार्ज अधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे आगामी जनगणना कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री ओंकार यादव, उप संचालक श्री मोहन सिंह कँवर, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, जिला एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल तथा चार्ज अधिकारी के रूप में उपस्थित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## विधायक प्रेमचंद पटेल के प्रयासों से 30 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

**कोरबा ।** वर्ष 2026-27 के बजट में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। विधायक प्रेमचंद पटेल के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पहल का परिणाम है कि क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और विकास की रफ्तार तेज होगी।

सबसे महत्वपूर्ण स्वीकृति अस्पताल चौक से जेंजरा चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण की है, जो कटघोरा शहर की यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप देगी। इसके अतिरिक्त मुरली मेट्रो से जुराली वार्ड क्रमांक 13 तक तथा नगोई बछेरा से गदेली पारा तक वार्ड क्रमांक 12, नगर पालिका कटघोरा में सड़क निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। कुल स्वीकृत राशि में से 8 करोड़ रुपये के कार्य केवल कटघोरा शहर के लिए निर्धारित किए गए हैं। इन स्वीकृतियों के बाद नगरवासियों में उत्साह और हर्ष का माहौल है। विशेष रूप से गदेली पारा के निवासियों के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि आजादी के 75 वर्षों बाद तक यहां पक्की सड़क का अभाव बना हुआ था। लंबे समय से चली आ रही इस मांग को विधायक प्रेमचंद पटेल ने गंभीरता से उठाया और अब बजट में शामिल कराकर अपने संकल्प को साकार किया।

इस उपलब्धि पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने सर्वप्रथम विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें ही व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

मंडल महामंत्री समजीत सिंह ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों से यातायात सुगम होगा और आमजन को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि इन विकास कार्यों से कटघोरा नई गति और नई पहचान के साथ आगे बढ़ेगा तथा क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## ग्राम पंचायत कोरबी एवं झिनपुरी में आंगनबाड़ी निर्माण गुणवत्ताहीन पाए जाने पर एसडीओ, सब इंजीनियर, सचिव सहित सरपंच को नोटिस जारी करने के निर्देश

कोरबा ( जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी भवन निर्माण, महतारी सदन, पीडीएस दुकान, मध्यान्ह भोजन तथा अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण किया।

ग्राम पंचायत कोरबी एवं झिनपुरी में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाने पर सीईओ श्री नाग ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसडीओ आरईएस, संबंधित उप अभियंता, ग्राम सचिव एवं सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री नाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंड, स्वीकृत डिजाइन एवं प्राक्कलन के अनुरूप ही किए जाएं तथा 31 मार्च तक आंगनबाड़ी भवनों को बाला मॉडल के अनुसार पूर्ण किया जाए।

ग्राम पंचायत कोरबी में महतारी सदन निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत तानाखार में आंगनबाड़ी निर्माण स्थल पर उप अभियंता के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने ग्राम पंचायत तानाखार, गुरसिया, बंजारी, परला, केंदई, मोरगा, कोरबी एवं झिनपुरी का दौरा कर डीएमएफ एवं अभिसरण मद से के तहत आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित उप अभियंता, निर्माण एजेंसी, सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत तानाखार में संचालित शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया गया, जहां मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। ग्राम पंचायत केंदई में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की गई तथा प्रतिमाह समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करने हेतु फूड ऑफिसर एवं फूड इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता आरईएस अशोक जोगी, जनपद पंचायत सीईओ जयप्रकाश डडसेना, एसडीओ आरईएस, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, उप अभियंता/तकनीकी सहायक तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## संत जलाराम सेवा समिति कोरबा की नई कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा ।** संत श्री जलाराम सेवा समिति (गुजराती समाज) की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समाज की मजबूती और सेवा कार्यों को विस्तार देने के उद्देश्य से नई टीम की घोषणा की गई है, जिसमें समाज के अनुभवी और उत्साही सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। समिति की नई कार्यकारिणी में संजय चौहान को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके साथ संगठन को गति देने के लिए उपाध्यक्ष: किशोर पटेल, सचिव: सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष: प्रदीप चौहान, सह-कोषाध्यक्ष: नन्दलाल जेठवा, सह-सचिव: कैलाश टांक और निमेष पटेल, संरक्षक और सलाहकार मंडलसमाज के वरिष्ठ सदस्यों को संरक्षक और सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है ताकि उनके मार्गदर्शन में समिति बेहतर कार्य कर सके। संरक्षक: नानजी पटेल, शांतिलाल चौहान, विनोद चावड़ा, छगन पटेल, कांतिलाल पटेल, वल्लभ मकवाना और मनोज शर्मा को नियुक्त किया गया हैं। सलाहकार: नानजी पटेल (भगत), त्रिभुवन चौहान, दिनेश पटेल, पीयुष राठोड़, शंकर पटेल, धीरेन संघवी, विशाल चावड़ा, रोहित शाह, अतुल शाह और नलीन शाह को नियुक्त किया गया हैं।

समिति के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में दिलीप मकवाना, ईश्वर पटेल, भगवानदास पटेल, भवानीशंकर भट्ट, मुकेश उपाध्याय, प्रकाश पटेल, तन्मय टांक, दीपक टांक, जीतेश दक्षिणी, कपिल चौहान, उमेश मकवाना और कल्पेश राठोड़ को चुना गया है। समाज के वरिष्ठजनों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि नई टीम संत श्री जलाराम के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी।

## बालको टाइगर्स क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा सीजन शुरू

बालको बालको टाइगर्स क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा सीजन बालको के रामलीला मैदान में धूमधाम से शुरू हो गया है। टूर्नामेंट के पहले मैच में बालको सेक्टर 7 की टीम ने निराला 11 कोरबा को 5 विकेट से हराकर जीत दर्ज की।निराला 11 कोरबा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 111 रन बनाए। जवाब में बालको सेक्टर 7 की टीम ने मयंक के शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत अंतिम गेंद में जीत हासिल की।

## घर तक नहीं पहुंच रहे उपाधि प्रमाण पत्र-विद्यार्थी परेशान

**कोरबा ।** कोरबा जिले के शासकीय व निजी महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर से संबद्ध हैं। छात्रों को पढ़ाई पूर्ण होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की समय बेसमय जरूरत पड़ती है। जिसे यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को उनके घर के पते पर नहीं भेजता है। यूजी व पीजी कोर्स करने वाले छात्रों को इसके लिए अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। इसकी पूर्ति के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को डिजी लॉकर का उपयोग करने प्रोत्साहित करता है। हार्ड कॉपी चाहिए तो संबंधित छात्र को यूनिवर्सिटी में आवेदन कर प्राप्त करना होगा। इस प्रक्रिया के लिए दूर दराज में रहने वाले छात्रों को परेशानी होती है।

उपाधि प्रमाण पत्र के एवज में छात्रों से अंतिम वर्ष अथवा अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन करने के दौरान ऑनलाइन भुगतान के साथ प्राप्त कर लिया जाता है। घर के पते पर भेजने की प्रक्रिया में अभी काफी सरलीकरण हुआ है। इसके बाद भी इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने का खामियाजा स्थानीय छात्रों को भुगतना पड़ता है। प्रवेश लेने से लेकर, नामांकन फार्म भरने व परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तक प्रति छात्रों से उनका डिटेल लिया जाता है। जिसमें छात्रों का स्थायी व अस्थायी पता भी होता है। उपाधि प्रमाण पत्र के लिए छात्रों को संबंधित कॉलेज के प्राचार्य अथवा राजपत्रित अधिकारी का हस्ताक्षर युक्त आवेदन फार्म जिसमें रोल नंबर, नामांकन क्रमांक/पंजीयन नाम हिंदी व अंग्रेजी में, पिता या पति का नाम, माता का नाम, परीक्षा का विषय, स्थायी पता आदि भरवाकर उसके साथ 375 रुपए उपाधि शुल्क के नाम पर जमा कराया जाता है।

पत्र को लेकर यूनिवर्सिटी प्रबंधन पुरानी पद्धति को ही फॉलो कर रही है। छात्रों का पढ़ाई के बाद होम टाउन बदलने से उपाधि प्रमाण पत्र नहीं मिल पाते थे। जिसके कारण यूनिवर्सिटी ने डॉक के बजाय छात्रों को मांगने पर दे रही थी। इस पद्धति को आज भी अपनाया जा रहा है। जबकि पहले संसाधन व सुविधाएं नहीं थी। टेक्नालाजी की कमी थी। आज हमेशा छात्र ऑनलाइन मौजूद रहते हैं। उनका मोबाइल नंबर लिया जाता है ताकि उनसे विशेष परिस्थिति में संपर्क किया जा सके। कोरबा जिला में शासकीय व अशासकीय कॉलेजों की संख्या 28 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों से नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र के रूप में हर साल 7 हजार छात्र ऐसे होते हैं जो यूजी, पीजी व डिप्लोमा की अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर आगे बढ़ जाते हैं। जिन्हें कोर्स पूरा होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। इन छात्रों से यूनिवर्सिटी को हर साल उपाधि प्रमाण पत्र के लिए करीब 26 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त होते हैं। इसी तरह अन्य जिलों से भी शुल्क लिया जाता है।

## 'प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से साकार हो रहा ऊर्जा आत्मनिर्भरता का संकल्प'

### 'हीरा राम साहू के घर आई बचत और उजाले की नई किरण'



**कोरबा ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज नागरिक न केवल बिजली व्यय में राहत पा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त कदम बढ़ा रहे हैं।

कोरबा जिले के खरमोरा निवासी श्री हीरा राम साहू इस योजना से लाभान्वित होने वाले नागरिकों में से एक हैं। उन्हें योजना की जानकारी समाचार माध्यमों से प्राप्त हुई। योजना की विशेषताओं एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल स्थापित कराने का निर्णय लिया, जून 2025 में उन्होंने अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित कराया, जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये आई। जिसमें केंद्र द्वारा 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की शासकीय सहायता प्राप्त होने से उन पर आर्थिक भार में कमी आई और योजना का लाभ उन्हें सहज रूप से प्राप्त हुआ।

उनके परिवार में चार सदस्य हैं। पूर्व में उनके घर में विद्युत उपयोग मध्यम स्तर का था तथा प्रतिमाह विद्युत बिल एक नियमित व्यय के रूप में देय होता था। पैनल स्थापना के पश्चात पारंपरिक विद्युत पर उनकी निर्भरता लगभग समाप्त हो गई है। वर्तमान में उनका मासिक विद्युत बिल मात्र 30 से 70 रुपये के मध्य आ रहा है, इस बचत से उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत आर्थिक प्रबंधन में पर्याप्त सहूलियत प्राप्त हो रही है।पूर्व में सीएसईबी में कार्यरत रहे एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त जीवन व्यतीत कर रहे श्री हीरा राम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना वास्तव में आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी है। इससे घरेलू व्यय में कमी आई है तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाएं नागरिकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं।

## गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले मरीजों एवं गंभीर रक्त विकारों से पीड़ित रोगियों को निःशुल्क रक्त सुविधा

**कोरबा,।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम नागरिकों को समय पर एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में रक्त सेवा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। वर्तमान में कोरबा जिले में 01 शासकीय ब्लड सेंटर (मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय) तथा 04 निजी ब्लड सेंटर-बिलासा ब्लड सेंटर घंटाघर कोरबा, संवेदना ब्लड सेंटर कोसाबाड़ी कोरबा, बालाजी ब्लड सेंटर एनकेएच हॉस्पिटल परिसर कोरबा और कटघोरा ब्लड सेंटर कटघोरा संचालित हैं।शासकीय ब्लड सेंटर तथा तीन निजी ब्लड सेंटर्स में ब्लड कंपोनेंट (रक्त अवयव पृथक्करण) सुविधा उपलब्ध है। इससे मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त एवं रक्त अवयव प्राप्त हो रहे हैं। ब्लड कंपोनेंट सुविधा प्रारंभ होने से एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग घटक रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स-तैयार होते हैं,

## स्वच्छता महाअभियान के दूसरे दिन वार्ड क्र. 23 एवं 27 में चलाई गई मेगा स्वच्छता अभियान

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता का महाअभियान के दूसरे दिन वार्ड क्र. 23 बुधवारी क्र. 01 एवं वार्ड क्र. 27 महाराणा प्रताप नगर में मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली, बस्ती-बस्ती पैदल भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये, साथ ही वहॉं के रहवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली आदि में कचरा न डालें, घर से निकले कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। द्वितीय दिन वार्ड क्र. 23 बुधवारी क्र. 01 एवं वार्ड क्र. 27 महाराणा प्रताप नगर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा मेगा स्वच्छता ड्राईव के सफल संचालन एवं अभियान के बेहतर परिणाम प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। नगर निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर वहॉं के रहवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ-सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं, जिनका सकारात्मक जवाब बस्तीवासियों द्वारा दिया गया। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त वार्ड के रहवासियों के साथ ही समस्त आमजनों से अपील करते हुये कहा कि वे शहर की स्वच्छता में व निगम के स्वच्छता महाअभियान में अपनी सहभागिता व सहयोग दें। उन्होने कहा कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें, गीले व सूखे कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री, कैरीबैग, डिस्पोजल का उपयोग न करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के नागरिकों का आव्हान करते हुये कहा कि हम सब संकल्प लें कि हम न तो गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे, कोरबा शहर को सुंदर शहर बनाने, इसे साफ-सुथरा रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। स्वच्छता महाअभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को वार्ड क्र. 39 रिसदा व वार्ड क्र. 49 हसदेव क्रमांक 02 के विभिन्न बस्तियों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों आदि में विशेष मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी

# 3 लाख रूपए लेने के साथ एक ही जमीन को दो लोगों के हवाले किया

**जांजगीर।** खेत गिरवी रखने के नाम पर 3 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

बिलासपुर मस्तूरी निवासी भूरी बाई कुर्रे ने थाना मुलमुला में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि उसकी बहन सुकवारा बाई निवासी ग्राम कोसा ने बताया कि गांव का राजालाल बर्मन घरेलू खर्च के लिए अपनी निजी भूमि गिरवी रखना चाहता है और उसे तीन लाख रुपए की जरूरत है। पीड़िता ने आरोपी की बातों में आकर उसकी भूमि (कुल रकबा 1.829 हेक्टेयर) को गिरवी रखने के लिए 26 फरवरी 2024 को पामगढ़ तहसील में 100 रुपए के स्टाम्प पर नोटरी के माध्यम से इकरारनामा तैयार कराया और तीन लाख रुपए नगद दे दिए। अनुबंध के अनुसार रकम वापसी तक



पीड़िता ने भूमि पर खेती भी की। कुछ समय बाद जब खेती का मौसम आया तो न तो आरोपी ने रकम लौटाई और न ही खेत में बोआई करने दिया। जानकारी लेने पर पता चला कि आरोपी ने उक्त भूमि किसी अन्य व्यक्ति को रजिस्ट्री कर बेच दी। पीड़िता द्वारा कई बार रकम मांगने पर भी आरोपी टालमटोल करता रहा और धमकी दी। शिकायत पर आरोपी को 26 फरवरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 2000 रुपए जब्त किए गए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को धारा 318(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया गया।



## चाकू से वार कर हत्या का प्रयास, 14 वर्ष का कारावास

**जांजगीर।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरीटांड में चाकूबाजी कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी आनंदराम भैना (30) को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र चौहान ने 14 वर्ष के सश्रम कारावास और 1,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 24 नवंबर 2024 की रात हुई थी, जब राइस मिल सुपरवाइजर अमृतलाल नायक पर आरोपी ने प्राणघातक हमला किया था। अगली सुबह वह लहूलुहान और बेसुध हालत में मिला, जिसके सिर पर गंभीर चोटें थीं। शासन की ओर से लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की ।

## बुधवारी बाजार में 2 मार्च को होलिका दहन का कार्यक्रम

**सक्ती।** शहर के बुधवारी बाजार क्षेत्र में स्थित पशु चिकित्सालय के सामने 2 मार्च को होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। होलिका दहन आयोजन समिति के सदस्य श्यामसुंदर कथूरिया ने बताया कि कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने जानकारी दी कि सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होलिका माता की पूजा-अर्चना का क्रम चलेगा। इस दौरान पूजा करने आने वाली महिलाओं के लिए विशेष रूप से नाश्ते की व्यवस्था की गई है। श्यामसुंदर कथूरिया ने बताया कि रात्रि 12 बजे के बाद विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विधि-विधानपूर्वक होलिका दहन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मुहूर्त में ही दहन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सड़क पर उड़ती धूल से ग्रामीण परेशान

**बलौदा।** राखड़ परिवहन से उड़ने वाली धूल से परेशान ग्राम पंचायत करमंदा के सरपंच और ग्रामीणों ने अटल बिहारी बाजपेई ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया को ज्ञापन सौंपा। इसमें सात सूत्रीय मांगें रखी गईं और समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।

ग्राम पंचायत करमंदा के सरपंच नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मड़वा संयंत्र से रोजाना हजारों राखड़ लोड हाइवा दिन और रात गांव से गुजरती हैं। इन वाहनों में तिरपाल नहीं ढंका होता, जिसके कारण राखड़ उड़कर घरों और दुकानों में जम रही है। इससे सांस संबंधी दिक्कतें, आंखों में जलन और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो रही हैं।

## राइस मिल में करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**देवरी-चांपा।** पचोरी मोड़ बम्हनीडीह रोड के पास स्थित श्रीराम राइस मिल में काम कर रहे 26 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक गंगाराम पटेल पिता खीखराम पटेल निवासी पलाड़ीखुर्द नदियापारा दोपहर एक बजे काम करते समय अचानक करंट की चपेट में आ गया। घटना के दौरान वह गंभीर रूप से झुलस गया। साथियों ने उसे तुरंत अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में सारागांव थाना पहुंचे और मुआवजे की मांग करने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी बम्हनीडीह भेजा।

## सर्वाइकल कैंसर: जिले में 46 मरीज, टीका लगेगा



**जांजगीर।** केंद्र सरकार इस महीने के अंत तक देशभर में 14 वर्ष की लड़कियों के लिए विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश पर सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सिंगल डोज टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के पहले 90 दिनों में 14 वर्ष आयु वर्ग की सभी लड़कियां सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त टीका लगवा सकेंगी। जिले में कैंसर मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिला अस्पताल में जांच का दायरा बढ़ने के बाद मरीज भी सामने आने लगे हैं। अब तक अलग-अलग तरह के करीब 369 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें 46 मरीज सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित पाए गए हैं। पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक 86 स्तन कैंसर, 73 मुंह के कैंसर और 158 अन्य प्रकार के कैंसर के मामले सामने आए हैं। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण को माना जा रहा है। इसी वजह से देशभर में एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ होने जा रहा है।

यह टीकाकरण क्यों जरूरी है? -भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल 1.25 लाख महिलाएं इसकी चपेट में आती हैं और 75 हजार की मौत हो जाती है। किशोरावस्था में टीका लगने से 30 वर्ष की उम्र तक कैंसर का जोखिम 85त्न कम हो जाता है। 6स्लॉट कैसे बुक होगा? -टीकाकरण के लिए यूवीन पोर्टल के जरिए नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्लॉट बुक किया जा सकेगा। 6यह टीका किस बीमारी से सुरक्षा प्रदान करेगा? -यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देती है, जो कैंसर के मुख्य कारण हैं। साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी बचाव करती है। इससे खतरे से बचा जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर के लक्षण शुरुआत में शारीरिक संबंध के दौरान हेवी ब्लीडिंग, वाइट डिस्चार्ज, गंध आना। एडवांस स्टेज में पेशाब में तकलीफ होना। संक्रमण के 15 साल बाद तक भी कैंसर के लक्षण दिखाई नहीं देते। वैक्सीन से शरीर में एंटीबॉडी बनेगी, जो वायरस को रोकने में मदद करेगी। इसे रोकने के लिए जागरूकता भी जरूरी है।

## डाही के ग्रामीणों को जी राम जी मनरेगा से मिला रोजगार

**डाही।** डाही में जी राम जी मनरेगा योजना के तहत अंगारा मोड़ के पास तालाब सफाई एवं श्मशान घाट तालाब गहरीकरण कार्य जारी है। जी राम जी मनरेगा के तहत गांव में ही मजदूरों को काम मिलने से उत्साह का माहौल है। निर्माण कार्यों की निगरानी सरपंच सुमन ढालेश देवांगन, उप सरपंच ज्योतिबा खरे, सचिव रविंद्र देवदास, रोजगार सहायक सुभाषिणी कोसरिया, मेट महेद्र पटेल, पिंटू चंदे, नीरसिंग डाहरे, तामेश्वर सिन्हा कर रहे।



## जिले में खराब स्वास्थ्य सुविधाएं विधायक ने विस में मुद्दा उठाया

**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से जांजगीर जिले की कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की ओर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी की सुविधा न होने से गर्भवती महिलाओं को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है।उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से महिलाओं का इलाज प्रभावित हो रहा है। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बीपी, शुगर और अन्य नियमित जांचें भी नहीं हो पा रही हैं। जिले में मोतियाबिंद ऑपरेशन बंद होने से मरीजों को गंभीर दिक्कत हो रही है। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा की स्थिति खराब है।

## असुरक्षित रूप से काम कर रहे ठेकाकर्मी को लगा करेंट, अस्पताल में उपचार

**जांजगीर।** थाना क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पीछे गली, मॉडर्न कॉलेज व हॉस्टल के पास विद्युत कार्य के दौरान एसएनडी इलेक्ट्रिकल कंपनी का ठेकाकर्मी जितेन खरे करंट की चपेट में आ गया। चालू लाइन पर खंभे पर चढ़े जितेन का संतुलन बिगड़ा और वे सीढ़ी से नीचे गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झटके से सिर व कमर पर चोट लगने से वे बेहोश हो गए।



घायल जितेन को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां सिर पर गहरे घाव के कारण 15 टांके लगाए गए। कमर की चोट पर एक्स-रे सामान्य आया, लेकिन सीटी स्कैन सहित जांच की सलाह दी गई। बेहतर इलाज के लिए उन्हें किम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जितेन सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि ठेकेदार के अधीन कार्यरत थे। बिजली अधिकारियों ने सुरक्षा नियमों का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों को हेलमेट, ग्लव्स पहनने के निर्देश दिए जाते हैं। घटना से आधा घंटे पूर्व भी सुरक्षा उपकरण पहनाए गए थे, किंतु जितेन ने हेलमेट न पहनने से सिर पर गंभीर चोट आई। ठेकेदार की जिम्मेदारी बताते हुए बोले कि बीमा व प्रावधानों से इलाज का खर्च वहन किया जा रहा है। लापरवाही की जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बीईओ ने परीक्षा केंद्र का लिया जायजा, 4 छात्र अनुपस्थित

**रिगनी-खरौद।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए विकासखंड नवागढ़ के संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नवागढ़ बीईओ अशोक पाटले ने केंद्र का निरीक्षण किया। उनके साथ विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम भी मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र में सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, उत्तर पुस्तिकाओं के संधारण, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। निरीक्षण के समय परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही थी। उस दिन कक्षा 9वीं की हिन्दी और अंग्रेजी और कक्षा 10वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की जा रही थी। केंद्र में पंजीकृत विद्यार्थियों में से 4 छात्र अनुपस्थित पाए गए। बीईओ अशोक पाटले ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें निष्ठा व ईमानदारी के साथ परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## ओव्हर स्पीड चारपहिया ने बाइक को मारी टक्कर, अपराध दर्ज किया पुलिस ने



**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हिट-एंड-रन की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह हादसा ग्राम जगमहंत और बूढ़ेना के बीच सड़क पर हुआ। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को नवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मृतक की पहचान पामगढ़ विकासखंड के ग्राम जेवरा निवासी 20 वर्षीय विनय सागर के रूप में हुई है। विनय अपने परिवार के साथ नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चौराभाटा में एक रिश्तेदार के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परिजनों के अनुसार, वह बाइक में पेट्रोल डलवाने की बात कहकर घर से निकला था। राहगीरों ने बताया कि एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी और जांजगीर की ओर फरार हो गई। सड़क किनारे लगे दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक सफेद मारुति कार दिखी, जिसका अगला हिस्सा डैमेज था। कार में नंबर प्लेट भी नहीं थी और उसे सोल्ड गाड़ी बताया जा रहा है।

नवागढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। मामले की आगे की जांच पड़ताल जारी है।

## कुकदा के राहुल बने सिविल जज, मिली 38वीं रैंक

**रिगनी-खरौद।** ग्राम पंचायत कुकदा निवासी राहुल कुमार निराला ने सिविल जज परीक्षा के अपने पहले ही प्रयास में 38वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से विधि स्नातक की डिग्री प्राप्त की। विश्वविद्यालय के दौरान ही उन्होंने न्यायिक सेवा में जाने का संकल्प लिया और सफलता प्राप्त की।

## बिहार के दरभंगा में परिजनों से बिछड़ी बालिका को पुलिस ने खोजा और किया मां के सुपूर्द



**सक्ती।** बिहार के दरभंगा जिले से भटकी एक बालिका को सक्ती जिले में उसके परिजनों से मिलाया गया। सक्ती की बाल कल्याण समिति और महिला बाल विकास विभाग की टीम ने इस कार्य में अहम भूमिका निभाई। त्वरित समन्वय और विशेष बैठक के माध्यम से बालिका को उसकी मां को सौंप दिया गया।

महिला बाल विकास विभाग की जिला बाल कल्याण इकाई, सक्ती को दरभंगा में एक बालिका के भटकने की सूचना मिली थी। मामले को गंभीर मानते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोदले के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बालिका को बिहार से छत्तीसगढ़ लाने की प्रक्रिया शुरू की।

सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद 23 फरवरी 2026 को बालिका को दरभंगा से सक्ती लाने का निर्णय लिया गया।

ट्रेन में देरी के कारण बालिका रात में सक्ती पहुंची। स्थिति को देखते हुए बाल कल्याण समिति ने रात 9.30 बजे विशेष बैठक बुलाई। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बालिका को सुरक्षित रूप से उसकी मां को सौंप दिया गया।

बालिका की सकुशल घर वापसी पर परिजनों ने बाल कल्याण समिति और महिला बाल विकास विभाग के प्रति आभार जताया। अधिकारियों ने कहा कि विभाग बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए लगातार सक्रिय है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

## मार्च में 30 महिलाओं को देंगे सिलाई मशीन

**टिटिलागढ़/खुलान।** ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में खुलान के सरपंच नरेश अग्रवाल के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। उनके आग्रह पर शुरू किए गए प्रशिक्षण के बाद अब क्षेत्र की 30 महिलाओं (जिनमें विधवा महिलाएं भी शामिल हैं) को सिलाई मशीनें प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया जा रहा है। इस सेवा कार्य की शुरुआत 21 नवंबर को वृंदावन के प्रसिद्ध स्वामी संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज के मार्गदर्शन में हुई थी। सरपंच नरेश अग्रवाल की पहल पर इन महिलाओं को पिछले तीन महीनों से सिलाई का गहन तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उनके परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है।

## भू-जल संरक्षण के साथ रोजगार सृजन व वन्यजीव संरक्षण को मिला बढ़ावा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल नरवा विकास योजना पहाड़ी कोरवा अंचल में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना का उद्देश्य केवल भू-जल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वन्यजीवों को वर्षभर पानी उपलब्ध कराना और ग्रामीणों के लिए रोजगार सृजित करना भी है। रैंनखोल के पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्र में नरवा विकास के तहत व्यापक कार्य किए गए हैं।



केरवार नाला में लूज बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना और मिट्टी बांध का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं से मृदा अपरदन में कमी आई है और भू-जल स्तर बढ़ा है। इन कार्यों के दौरान ग्रामीणों को रोजगार मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। मिट्टी में नमी बनी रहने से नए अंकुरण को बढ़ावा मिला है और विभिन्न प्रजातियों के पौधों की संख्या बढ़ी है। इससे ग्रामीणों को लघु वनोपज संग्रहण के अवसर मिले हैं और उनकी आमदनी के साधन भी बढ़े हैं। वन क्षेत्र में जल उपलब्ध होने से वन्यजीवों का बाहर आना कम हुआ है, जिससे अवैध शिकार में कमी और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान में राहत मिली है। नरवा विकास योजना ने पहाड़ी कोरवा अंचल में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ-साथ आजीविका के नए रास्ते खोलकर क्षेत्र की स्थिति बेहतर बनाई है।

## दो चरणों में होगी जनगणना, शुरुआत में घरों की गिनती

**सक्ती।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के तहत प्रत्येक मकान का सूचीकरण किया जाएगा, जिसमें भवन की स्थिति, उपयोग और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की विस्तृत जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की जाएगी।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को इसे पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर ही विभिन्न विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। सभी संबंधित कार्मिकों को निर्धारित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेने तथा प्रक्रियाओं को भली-भांति समझकर ही मैदानी कार्य करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों को उत्तरदाता, प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिकाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। एचएलओ प्रश्नावली के प्रश्न 1 से 34 तक का अवलोकन कराया गया। इसके अलावा सीएमएमएस का परिचय, उसके विभिन्न मॉड्यूल, उपयोगकर्ता पंजीकरण और सीएमएमएस एचएलओ प्रबंधन भाग-1 एवं भाग-2 की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। कोष प्रबंधन, आधारभूत संरचना निर्माण, अवधारणाएं और परिभाषाएं भी प्रशिक्षण का हिस्सा रहीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी केएस पैकरा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा एवं अनुविभागीय जनगणना अधिकारी रूपेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## रॉन्ग साइड आकर ट्रेलर ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर,4 मौतें

**बिलासपुर।** बिलासपुर में रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम सम्बलपुरी स्थित यादव ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों मृतक एक ही परिवार के हैं।देर रात करीब 2 बजे ट्रेलर सकरी-रतनपुर की ओर से रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में पहुंच गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो (छ्त्र 04 रू्क4220) को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पास में खड़े एक अन्य ट्रेलर को भी अपनी चपेट में लेते हुए पलट गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह डैमेज हो गई और उसमें सवार लोग वाहन के अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही सकरी पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन में फंसे लोगों को निकालने के लिए गैस कटर का सहारा लिया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया, तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी।

## 54 लाख के पुल निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला छाल क्षेत्र के पुसलदा गांव से सामने आया है, जहां प्रधानमंत्री सड़क मार्ग के तहत बनाए गए पुल और रिटर्निंगवाल के निर्माण में गंभीर गड़बड़ी की शिकायत की गई है।

ग्राम पंचायत पुसलदा की सरपंच कमला बाई राठिया ने तहसीलदार के नाम लिखित आवेदन देकर बताया है कि प्रधानमंत्री सड़क मार्ग खेदापाली से पुसलदा मार्ग पर 54 लाख रुपए की लागत से तीन छोटे पुलों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा पुसलदा से बेहरामुड़ा मार्ग पर मिट्टी कटाव रोकने के लिए रिटर्निंगवाल (दीवार) का निर्माण किया गया है। सरपंच के अनुसार, मिट्टी कटाव रोकने के लिए बनाई गई दीवार में मानक के अनुरूप सरिया (लोहे) का उपयोग नहीं किया गया है।

## अनमोल वचन......

एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। - स्वामी विवेकानंद

# एआई बुलबुला फूटा

*लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई-टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नजरिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती-जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई-कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नजरिए पर केंद्रित है।*

*इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च-गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्जरी प्रोडक्ट रहेगा। मगर  चीनी के ओपन-सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई-टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नजरिया एआई के मामले मे अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चैट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा। अभी जबकि नई दिल्ली में एआई समिट में तमाम तरह की बातें हो रही हैं, इस बुनियादी पहलू को याद रखना बेहद जरूरी है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज लोगों का विश्वास आपमें बना रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्ति के इच्छुक छात्र के लिए समय बहुत अनुकूल है। आज छोटे भाई की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के लवमेट आज एक दूसरे को कुछ गिफ्ट देंगे तो प्यार में दोगुना बढ़ोतरी होगी। इस राशि के जो लोग लोहे का बिजनेस से जुड़े है आज के दिन उन्हें अधिक मुनाफा मिलने वाला है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के जो लोग आर्किटेक क्षेत्रों से जुड़े हैं,उनके लिए आज का दिन प्रगति देने वाला है। किसानों को आज कुछ फायदा हो सकता है। फसल के बिक्री से संबंधी मनचाही रकम जमींदार से मिल सकती है। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते है उनके लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन राशिः** आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। उनकी दुवाओं का असर शाम तक आपको जरूर मिलेगा। ऑफिस में आज कुछ नयी जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं । जिसे लेकर आस-पास के लोगों से विचार-विमर्श कर सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए घर के सभी सदस्यों की राय जरूर लें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करने में आ रही अड़चने आज दूर हो जाएंगी। आज किसी ऐसे मित्र की मदद करेंगे जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता हैं। अगर आपने हाल में किसी काम की शुरूआत की हैं तो आज उसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। जिस अच्छे मौके की आप कई दिनों से इंतजार कर रहे थे वो आज पूरा हो जाएगा। ऑफिस में आज रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे हो जाएंगे। हो सकता है आपको पदोन्न्त का अवसर भी मिल जाए। इस राशि के बिल्डर्स को आज अचानक से काफी फायदा हो सकता है साथ ही धनलाभ के नये सोर्स बनेंगे।

**कन्या राशिः** आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। बिजनेस में दूसरों से बातचीत करने और सलाह करने से आपको फायदा हो सकता है। आर्थिक पारिस्थितियां आज आपके अनुकूल रहेगी। इस राशि के अविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपके लिए शादी का प्रपोजल आऐंगा।

**तुला राशिः** आज आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। साथ ही कहीं घुमने का प्लान भी बना सकते हैं।इससे परिवार के सुख-शांति में वृद्धि होगी। आज अपनी मधुर भाषा के द्वारा आप अपने कार्य दूसरों से करवा सकने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज विवाहित अपने जीवनसाथी को अधिक टाइम देंगे तो दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। हो सकता है शाम तक किसी समारोह में साथ जाने का भी प्लान बना सकते हैं । आपको अधिक काम होने की वजह से आपको थकावट हो सकती है । शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताने से आप खुद को तनाव से राहत महसूस करेंगे। स्पोर्ट में रुचि रखने वालों का प्रर्दशन आज बेहतर रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें। इससे भविष्य में आपको ही फायदा होगा। आज व्यवहार कुशलता के कारण ऑफिस में बड़े अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाएं। इस राशि के जो लोग कवि है आज उन्हें किसी कवि सम्मेलन में कविता सुनाने का मौका मिल सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा आज दूसरों की बात पर भरोसा न करें। महिलाओं को आज कहीं से अचानक धन लाभ हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेना चाह रहे हैं। तो आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। बाहर कुछ टाईम स्पेंड करने से आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

**कुम्भ राशिः** आज अपने व्यवहार में आपको थोडा परिवर्तन करने की जरूरत है। आपके अच्छे व्यवहार से आस-पास के लोग आपसे खुश रहेंगे साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। ऑफिस के काम से आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। आज किसी नये काम को शुरू करने से पहले बड़-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। जिसका फायदा आपको आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**मीन राशिः**आज आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। जिससे परिवार में सभी सदस्यों के रिश्ते मजबूत बनेंगे। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने से रिश्ते मजबूत बनेंगे।

# भयाकुल जीवन झूठ की कोयला खदानों में सांस ले रहा

//हरिशंकर व्यास//

**देश इन दिनों सत्य-शोध की कोयला खदान है, जिससे यदा-कदा निकले चमकीले कण दिमाग़ और बुद्धि को खदबदा देते हैं। हाल में रक्षा बजट में एक लाख करोड़ रु. से अधिक बढ़ोतरी की खबर थी। भारत 2026-27 में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदेगा। ऐसे ही यूरोपीय संघ के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से व्यापार समझौते की सुखी है। मतलब जहाँ सैन्य क्षमताओं में बढ़ोतरी का क़दम, वहीं भारत की आर्थिकी का खुलना। कभी मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यम  ने लिखा है कि अब भारत विश्व की सर्वाधिक खुली आर्थिकी होने के क़गार पर है! बहुत अच्छा। पर ये फ़ैसले भारत की मजबूरी से हैं या ठोस संकल्प से हैं।**

आख़िर चीन से हारने के बाद सैन्य ताक़त का विस्तार तो नेहरू के समय में ही शुरू हो गया था। फिर लालबहादुर शास्त्री ने मुंबई में ट्रॉम्बे में एटमी भट्टी का शिलान्यास किया। इंदिरा गांधी ने परमाणु परीक्षण कराया। नरसिंह राव ने परमाणु बम-मिसाइलें बनवाईं, तो वाजपेयी ने बिना आगे-पीछे सोचे पोखरण में पाँच परीक्षण कर दुनिया को बताया–आज बुद्ध पूर्णिमा है!ऐसे ही नरसिंह राव ने आर्थिकी खोली। मनमोहन सिंह ने उससे भूमंडलीकरण साधा, तो ट्रंप के झटकों के बाद भारत अब उनकी शर्तों पर व्यापार समझौता किए हुए है। सर्वाधिक खुली आर्थिकी के जुमले बन रहे हैं, तो स्वाभाविक सवाल है–खुलने से हम बाज़ार बनेंगे या समर्थ, आत्मनिर्भर होंगे या आश्रित । यह मानना तो मूर्खता ही होगी जो सोचे कि चीन डरकर लद्दाख, अरुणाचल से निगाह हटा लेगा या पाकिस्तान की कश्मीर से नज़र हट जाएगी। हक़ीक़त है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक सैन्य जगत में भारत की जो किरकिरी हुई, उसने मोदी सरकार को सैन्य ख़र्च बढ़ाने के लिए मजबूर किया है।

ऐसे ही अमेरिका और यूरोप के साथ व्यापार करार भी भयाकुल मनोदशा में हैं।यही कलियुगी हिंदुओं का वह इतिहासजनित डीएनए है, चरित्र है, जिसमें मुझे कोयला खदान का बिंब झलकता है! कोई तीन दशक पहले मैंने झारखंड घूमते हुए कोयला खान के मुहाने के घने काले परिवेश में काली धूल में लथपथ जीवन महसूस किया था। मिट्टी, मज़दूरी, झोपड़ियाँ, मज़दूर (आदिवासी बहुल), इन्फ़्रास्ट्रक्चर–सब काली धूल में लथपथ। मानो शनि का घर। फिर घूमते-घूमते कोल इंडिया, स्टील इंडिया के सरकारी प्रतिष्ठान, बोकारो का स्टील प्लांट देखा-समझा, तो दिमाग़ बुरी तरह खदबदाया। मेरी इस सोच को बल मिला कि नेहरू के समाजवाद, लाइसेंस-कोटा-परमिट और अंग्रेज़ विरासत ने सब गुड़गोबर किया है।

अर्थात मुस्लिम-मुग़ल लुटेरों-शासकों से जहां हिंदुस्तान खेतीहर पैदावार, हस्तशिल्प की उत्पादकता-व्यापार में लुटा तो अंग्रेज़ हुक्मरानों ने लगान-लूट के अलावा खदानों-कच्चेमाल (माइनिंग), व्यापार (मर्केंटाइल)–यानी कोयले की दलाली–के काले हाथों में हिंदुस्तानियों को रंगा। लुटेरे जगतसेठ पैदा किए। वही दिशा स्वतंत्रता के बाद, प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू से बनी। उन्होंने पुराने अंग्रेज़ मॉडल की विरासत की नींव पर 'आइडिया ऑफ़ इंडिया' गढ़ा। ऐसा समाजवाद अपनाया, जो सत्ता द्वारा, सत्ता के ख़ातिर, सत्ता की लूट का तंत्र विकसित करने वाला था। नतीजतन भारत के लोग पावरफुल 'नागरिक' बनने की बजाय और अधिक हुकूम के बंधुआ, क़ानूनों में बंधे, माई-बाप सरकार पर आश्रित हुए। नौकरशाही ने समाजवाद के नाम पर आर्थिकी को माइनिंग-मर्केंटाइल के ढाँचे वाली कोयला खान को पुनर्गठित किया!समय कुछ बदला। सो बुद्धिमान पी. वी. नरसिंह राव की मौन बहादुरी से भारत ने ताज़ा हवा पाई। डॉ. मनमोहन सिंह की दृष्टि, विद्वत्ता से वैश्विक राजधानियों में भारत का मान बना। पर हम हिंदुओं का इतिहास तो भयाकुल क़ौम का है। समर्पण–भूख–भय–भक्ति का है। वह कैसे मिटता? मेरा लिखना इमरजेंसी के समय 1976 से शुरू हुआ है। तब वैश्विक विषयों (सोवियत संघ, शीतयुद्ध, अफ़ग़ानिस्तान आदि) पर लिखता था, तो साम्यवाद, समाजवाद, गरीबी हटाओ, 20 सूत्री कार्यक्रमों से भारत समझ आता था। पूरा ठीकरा नेहरू के आइडिया, समाजवाद, गिरगिटी नौकरशाही की कोयला खदान पर केंद्रीत हुआ। तब भी ज़ाहिर था कि हिंदुओं का वह भक्ति काल है, जो हज़ार साल की ग़ुलामी से पैदा कायरता का बाय-प्रोडक्ट है।इसलिए मेरे लिए 1977 में कांग्रेस की हार और इंदिरा गांधी की जगह निर्भीकता का मंत्र देने वाले मोरारजी देसाई का शपथ लेना मानो क्रांति के क्षण थे। पर उन्होने भी नेहरू के आइडिया ऑफ़ इंडिया के ढाँचे को नहीं समेटा। उलटे सदियों से सत्ता के लिए फड़फड़ाती क़ौम के नए प्रतिनिधि भुख्खड़ों में घमासान बना। पहले समाजवादी, फिर कम्युनिस्ट नेताओं की वह तोड़फोड़, वह आचरण प्रकट हुआ, जिसमें आयाराम-गयाराम भी हुआ; तो बाँटो और राज करो की मंडल राजनीति, फिर संघ-आडवाणी की कमंडल राजनीति भी खिली। चुपचाप भगवा रंग चढ़ने लगा।बीच में जरूर नरसिंह राव ने अफ़सरों (शासन) की दख़ल घटाई, भारत खुला, पर सत्ता की भूख, हड़बड़ी (जैसे 1947 से पहले नेहरू-गांधी की थी) भी खुली। मंडल-कमंडल के वे नेता ज़मीनी हल्ला बनाते हुए थे, जिससे देश ने चीन के साथ-साथ उठने के अवसर गँवाए। कम्युनिस्ट सुरजीत-प्रकाश करात, लालू, रामविलास आदि प्रगतिशीलता, सामाजिक न्याय के हवाले अपने ही समर्थ से बनाई मनमोहन सिंह सरकार की नाक में भी दम किया।

कुल मिलाकर आर्थिकी खुली, तब भी देश चीन की तरह फ़ायदा नहीं उठा पाया। हाँ, नारायणमूर्ति जैसे कुछ नए उद्यमियों की बदौलत भारत ज़रूर आईटी क्षेत्र में दुनिया का बैकऑफ़िस, आईटी-कुलियों का सप्लायर देश बना। मेरा मानना है कि ग़ुलामी के इतिहासजन्य डीएनए से हम हिंदू बुद्धि-बल से ज्ञान-विज्ञान-शोध-तकनीक-लेखन में कुछ भी मौलिक रचने में समर्थ नहीं हैं। हमें केवल जुगाड़ आता है। समय रीपिट होता रहता है। अंग्रेज़ों के समय गन्ना पैदा करने वाले किसान विदेश (फ़िजी, मॉरिशस, सूरीनाम आदि) गए। वैसे ही नए मिलेनियम में भारत का योगदान खाड़ी देशों में मज़दूर सप्लाई तथा आईटी-कर्मियों की दुनिया की सेवा था। उसी से अमेरिका, पश्चिमी देशों में भारतीयों का जाना हुआ।

सोचे, प्रवासियों ने जो कमाया, वह किसमें जाया हुआ? केरल के मलयाली परिवार की प्रवासी कमाई हो या पूर्वी यूपी के खाड़ी देशों में गए मज़दूरों की कमाई, या बेंगलुरु के आईटी हब में उत्तर भारत की काम कर रही श्रमशक्ति, या बिहार से देश भर में फैले मज़दूरों की कमाई–इससे देश की शक्ल दो तरह से बदली है। 2010 के बाद का कथित भारत-विकास या तो खपत-बाज़ार बढ़ाने का चक्र लिए हुए है, या टैक्स, जीएसटी से सरकार की फ़िज़ूलख़र्ची (वेतन आयोगों, लुटियन दिल्ली में इमारतें बनाने, इन्फ़्रास्ट्रक्चर, फिर उन्हें क्रोनी पूँजीपतियों को बाँट देना) का वह दुष्चक्र है, जिसके झाँसे, ललक ने घर-परिवारों, नौजवान दंपत्तियों, मध्यवर्ग, निम्न वर्ग, किसान–सभी को क़र्ज़ में जीने का आदी बना दिया है। सोचे, कभी भारत का ग़रीब बचत के रिकॉर्ड बनाता था और अब हर कोई क़र्ज़ों में डूबा है, ख़ैरात पर ज़िंदा है। देश में संतुष्ट, स्वपोषक, आत्मनिर्भर केवल वही आबादी है, जो कोयले की खान की काली कमाई, दलाली से हराम का जीवन जी रहे हैं!विकास के नाम पर कोयले की खान का क्या रूप-परिवर्तन है। मशीनें चीन की लग गई हैं, भ्रष्टाचार के भरपूर विकास में दुनिया के नंबर एक हैं। पर दिल्ली हो या झारखंड का निवासी–हर भारतीय धुएँ, धूल से फेफड़े काले करते हुए है। मज़दूर हो, आधुनिक गिग वर्कर हो–सब लाचारी, दीनता, क़र्ज़ से जीते हुए हैं। पर यह जरूर हुआ सत्ता की काली खान, कोयले के काले धंधों ने नए जगतसेठ पैदा किए। वे सेठ जो सस्ता कच्चा तेल खरीदते हैं, कोयला निकालते हैं और पेट्रोल-डीज़ल-गैस तथा बिजली सब मंहगा भारतीयों को बेचते हैं–तो विदेशियों को भी बेचते हैं। मुग़ल-अंग्रेज़ ज़माने के जगतसेठ अब उन नए चेहरों में कन्वर्ट हैं, जो न हल्दी लगे, न चूना–रंग चोखा आए के नुस्खे में ख़रबपति बनने के वैश्विक रिकॉर्ड बना रहे हैं।सो वैश्विक पैमाने पर भारत की आर्थिकी सर्वाधिक खुले तब भी क्या होना है। पर खुलना मजबूरी भी है। अमेरिका या योरोप से भारत  समझौता न करे, तो सहारा क्या है। भारत किनके बूते दुश्मन चीन और पाकिस्तान से बचेगा। ये वे दो देश हैं, जिनकी चिंता में सरकार ने रक्षा बजट में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदने का फैसला किया। पर क्या सैन्य हथियार ख़रीदने से क्या चीन और पाकिस्तान डरेंगे? हथियार तो हिंदू राजा-रजवाड़े भी रखते थे। उनकी पूजा भी करते थे। मगर ख़ैबर पार से आ रहे हज़ार-पंद्रह सौ घुड़सवारों के आगे भाग खड़े होते थे। लड़ने के बजाए भागने, समर्पण का राजा जुगाड़ तलाशता था। क्यों। जवाब है कौम का कलियुग की काली बुद्धि, काले शनि की छाया में जो जीना है। याद करें, मोदी सरकार ने राफ़ेल खरीद कर कैसी सूरमाई झांकी बनाई थी।  नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह ने पूजा की, काला धागा बाँधा। हुआ क्या। ऑपरेशन सिंदूर के सत्य के लिए वैश्विक रिपोर्ट तलाशीं, तो मालूम हुआ–राफ़ेल का नुक़सान।

# सत्र समाप्त होने के साथ ही चर्चाएं भी समाप्त

//अजीत द्विवेदी//

**संसद के बजट सत्र में ब्रेक चल रहा है। सत्र का दूसरा हिस्सा नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला हिस्सा बहुत हंगामे वाला रहा। वैसे तो हर सत्र ही हंगामे वाला होता है लेकिन इस बार कुछ अनोखी चीजें हुईं। जैसे स्पीकर ने प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई एक अधूरी चर्चा का जवाब देने लोकसभा में नहीं आएं क्योंकि कुछ 'अप्रत्याशित' घट सकता है। प्रधानमंत्री मान भी गए। पहली बार ऐसा हुआ। ऐसे ही पहली बार हुआ कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और बदले में विपक्ष ने प्रधानमंत्री को नहीं बोलने दिया। पहली बार विपक्ष की महिला सांसदों से प्रधानमंत्री को खतरा होने की बात हुई।**

पहली बार नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन पेश किया गया। पूर्व प्रधानमंत्रियों की नीतियों की आलोचना तो पहले भी होती थी लेकिन इस बार की नई गिरावट यह थी कि पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी या उनके ऊपर लिखी गई किताबों में से यहां वहां के उद्धरण छांट कर उनको 'गद्दार', 'अय्याश' आदि सदन के अंदर कहा गया। पहली बार ऐसा हुआ कि संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्षी सांसदों पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के चैम्बर में जाकर गाली गलौज की। करीब चार दशक बाद पहली बार स्पीकर के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। यह सब कुछ दो से 13 फरवरी के बीच हुआ।यह 12 दिन का समय राहुल गांधी की राजनीति के लिए बहुत अच्छा रहा। वे इस 12 दिन की राजनीति के केंद्र में रहे। दो फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनके भाषण देने से विवाद शुरू हुआ और उनके खिलाफ मोशन लाए जाने के बाद सदन की कार्यवाही आठ मार्च तक स्थगित हुई। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संधि हुई और सत्र के बीच अमेरिका के साथ संधि की घोषणा हुई। इसी बीच एपस्टीन फाइल्स के पन्ने खुले, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और एक कारोबारी के एपस्टीन से संपर्कों की कहानियां आईं। इन तमाम घटनाओं ने राहुल गांधी को मौका दिया कि वे केंद्र सरकार पर हमलावर रहें। कुछ अंतरराष्ट्रीय हालात और कुछ राहुल गांधी के तेवर से सरकार बैकफुट पर रही। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री तक बचाव की मुद्रा में दिखे। राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाना भी घबराहट का ही संकेत है। सोशल मीडिया में नैरेटिव है कि राहुल ने कमाल कर दिया।

इस पूरे घटनाक्रम से राहुल का आत्मविश्वास भी बढ़ा, जिसमें उन्होंने दो बड़ी गलतियां कीं। आत्मविश्वास और अति उत्साह में उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर अपने एक साथी सांसद और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार दोस्त' कहा। यह राहुल गांधी की अपनी छवि के बिल्कुल उलट बात थी। दूसरी गलती उन्होंने यह कर दी कि दो केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रहलाद जोशी की मीडिया से बातचीत के बीच में घुस गए और बोलने लगे। उन्होंने प्रहलाद जोशी का हाथ पकड़ कर उनको रोकने का प्रयास भी किया। इन दोनों घटनाओं को कांग्रेस इकोसिस्टम के लोगों ने खूब प्रचारित किया। उन्होंने इसे ऐसे प्रस्तुत किया, जैसे राहुल के डर से दो मंत्री भाग गए और राहुल ने ठीक किया, जो कांग्रेस छोड़ने वाले बिट्टू को गद्दार कहा। लेकिन ये दोनों घटनाएं सामान्य संसदीय आचरण के अनुरूप नहीं हैं। बहरहाल, संसद के बजट सत्र में राहुल गांधी चर्चा के केंद्र में रहे। वे एजेंडा सेट करते रहे, जिस पर सरकार जवाब देती रही और बैकफुट पर रही। लेकिन यह पहला सत्र नहीं है, जिसमें राहुल ने महफिल लूटने वाला काम किया है। इससे पहले भी डोकलाम का घटनाक्रम हो या हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट हो, हर बार सत्र में राहुल गांधी हीरो होते हैं। वे अच्छे और लंबे भाषण करते हैं और संसद के पूरे सत्र का एजेंडा सेट कर देते हैं। लेकिन क्या संसद सत्र के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली राजनीति चुनाव के मैदान में कांग्रेस को लाभ पहुंचाती है? क्या संसद में वे जो राजनीति करते हैं उससे कांग्रेस संगठन को ताकत मिलती है? यह सही है कि इससे राहुल गांधी की साहसी और निर्भीक नेता की छवि को मजबूती मिलती है और कांग्रेस की चर्चा होती है। लेकिन सत्र समाप्त होने के साथ ही ये चर्चाएं भी समाप्त हो जाती हैं। राहुल गांधी को यह ध्यान रखने की जरुरत है कि राजनीति बिट्स एंड पैचेज में होने वाली चीज नहीं है। संसद सत्र में उनके उठाए मुद्दों से जो माहौल बनता है उसे जनता के बीच ले जाना होता है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की जरुरत होती है ताकि मुद्दों पर जमीनी स्तर पर राजनीति हो सके। अफसोस की बात है कि राहुल गांधी यह काम नहीं कर पाते हैं। उन्होंने सत्र के बीच एक दिन किसान बन कर मनरेगा बचाओ आंदोलन में हिस्सा लिया लेकिन 45 दिन का कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान कब शुरू हुआ और कब समाप्त हो गया, यह न तो जमीनी स्तर पर दिखा और न दिल्ली में दिखा।

संसद का मौजूदा बजट सत्र चल रहा होगा उसी बीच पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की घोषणा होगी। अप्रैल में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव होना है। इन पांच राज्यों में पिछले छह महीने में राहुल गांधी सिर्फ एक बार तमिलनाडु और संभवतः एक या दो बार केरल गए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा भी सिर्फ केरल गई हैं क्योंकि वे वहां की वायनाड सीट से सांसद हैं। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के पहले डेढ़ महीने में दो-दो बार पश्चिम बंगाल और असम जा चुके हैं और एक-एक बार तमिलनाडु और केरल का दौरा कर चुके हैं। अमित शाह इन पांचों राज्यों का कम से कम एक-एक दौरा कर चुके हैं। बजट सत्र में ब्रेक होने के साथ ही प्रधानमंत्री असम के दौरे पर गए और अमित शाह पुडुचेरी पहुंचे। इसी हफ्ते अमित शाह असम जाने वाले हैं। एक महीने में यह उनका दूसरा दौरा होगा। लेकिन राहुल और प्रियंका के मोर्चे पर अचानक शांति छा गई। राहुल ने सोशल मीडिया में जरूर अमेरिका और भारत की व्यापार संधि को लेकर पोस्ट किए। लेकिन कांग्रेस की ओर से व्यापार संधि, किसानों के मुद्दे, मनरेगा बचाने आदि के मोर्चे पर कोई राजनीतिक अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

क्या इस समय राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा व्यापार संधि से किसानों को होने वाले नुकसान की जो बात सोशल मीडिया में लिख रहे हैं या मीडिया के सामने बोल रहे थे उन बातों को लेकर जनता के बीच नहीं जाना चाहिए। क्या इस समय इन दोनों को चुनावी राज्यों के तूफानी दौरे पर होना चाहिए। ध्यान रहे दोनों के पास कोई और काम नहीं है। दोनों फुल टाइम नेता हैं। ये दोनों ही चेहरे हैं, जिनको मोदी और शाह के खिलाफ लड़ना है। मोदी और शाह को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के तौर पर भी काम करना है लेकिन दोनों राजनीतिक काम के लिए जितनी मेहनत कर रहे हैं राहुल और प्रियंका उसका 10 प्रतिशत भी नहीं कर रहे हैं। सवाल है कि दोनों अपने को किस समय के लिए बचा रहे हैं। संसद की राजनीति से राहुल को जो बढ़त मिलती है उसको चुनावी राज्यों में जाकर इस्तेमाल करें और जमीन की राजनीति करें तभी उसका कोई अर्थ होगा। अन्यथा पहले की तरह वे संसद की राजनीति में और सोशल मीडिया में हीरो बनते रहेंगे और भाजपा चुनाव जीतती रहेगी।

## तस्वीरों की दुनिया




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के जमशेदपुर में श्री जगन्नाथ मंदिर के भूमि पूजन समारोह में भाग लिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यरुशलम में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की।



महाराष्ट्र की डिप्टी चीफ मिनिस्टर सुनेत्रा पवार, जम्मू-कश्मीर के पुंछ में छत्रपति शिवाजी महाराज के मेमोरियल के लिए एक पवित्र जुलूस के उद्घाटन के दौरान।



इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इज़राइल में अपने जॉइंट डिनर से पहले पारंपरिक भारतीय कपड़े पहनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने हरियाणा के कुंडली (सोनीपत) में उभरते और टिकाऊ स्वस्थ खाद्य पदार्थों के लिए उन्नत अगली पीढ़ी के विजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह बिहार के लेटी और इंदरवा में बॉर्डर आउट पोस्ट के उद्घाटन के दौरान एक पौधा लगाते हुए।

# अफगानिस्तान का पलटवार: पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान ने खोला मोर्चा, सीमा पर भारी गोलाबारी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के साथ साझा सीमा (दुर्रानी लाइन) पर बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैन्य प्रवक्ता वाहिदुल्लाह मोहम्मदी ने एक वीडियो संदेश में पुष्टि की कि नांगरहार और पक्तिया प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में पूर्वी क्षेत्र की सीमा बलों ने पाकिस्तानी चौकियों पर भारी हमले शुरू कर दिए हैं।तालिबान के राष्ट्रीय प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तानी सैन्य उकसावे और उल्लंघनों के जवाब में दुर्रानी लाइन के साथ पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और इंस्टॉलेशनों पर बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू किए गए हैं। यह वृद्धि पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए घातक हवाई हमलों के बाद हुआ है। 22 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के नांगरहार और पक्तिका प्रांतों में खुफिया जानकारी आधारित चुनिंदा अभियानों में टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) और इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत से जुड़े कथित 7 शिविरों और ठिकानों पर हमला किया था। पाकिस्तान ने दावा किया कि इन हमलों में कम से कम 70-80 आतंकवादी मारे गए। हालांकि, अफगान तालिबान ने इन हमलों को नागरिक क्षेत्रों पर हमला बताते हुए खारिज किया और कहा कि महिलाओं, बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक मारे गए। अफगान रक्षा मंत्रालय और स्थानीय स्त्रोतों ने कम से कम 17-18 नागरिक मौतों की पुष्टि की, जिसमें एक मदरसा और आवासीय इलाके शामिल थे।पाकिस्तान ने इन हमलों को हाल के आत्मघाती बम विस्फोटों का जवाब बताया, जिसमें इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद, बाजौर और बनू में हमले शामिल हैं, जिनकी जिम्मेदारी टीटीपी ने ली थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा था कि आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे, चाहे वे कहीं भी हों।



अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह बार-बार सीमा का उल्लंघन कर रहा है, जबकि पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान टीटीपी जैसे समूहों को शरण दे रहा है, जो पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। अभी तक दोनों पक्षों से हताहतों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और पाकिस्तानी पक्ष से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तनाव क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है, खासकर जब दोनों देशों के बीच पहले से ही दुर्रानी लाइन विवाद और टीटीपी मुद्दे पर गहरा मतभेद है।

## पीएम मोदी ने इजरायल में भारतीय मूल के यहूदियों से बातचीत की, बोले- भारत के साथ आपका अटूट बंधन

**यरुशलम 27 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को इजरायल में रहने वाले भारतीय मूल के यहूदियों से मुलाकात की और इजरायल में उनके उल्लेखनीय योगदान को दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु बताया। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 2023 तक इजरायल में भारतीय मूल के लगभग 85 हजार यहूदी रहते थे।पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय यहूदी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। भारत से उनका गहरा जुड़ाव और इजरायल में उनका उल्लेखनीय योगदान दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के साथ उनका अटूट बंधन, पीढ़ियों से चली आ रही परंपराएं और इजरायल के लिए उनका उल्लेखनीय योगदान दोनों देशों को एक-दूसरे से जोड़ता है। उनकी आत्मीयता और साझा विरासत की कहानियां भारत-इजरायल के बीच मित्रता की भावना को दर्शाती हैं। पीएम मोदी से मिलने वालों में यरुशलम से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित अश्केलोन की पार्षद डॉ. रिकी शाही भी शामिल थीं। उन्होंने मोदी के बारे में कहा कि वह लोगों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। यह उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वह ज्यादा बोलते नहीं हैं, लेकिन बहुत कुछ करते हैं। डॉ. शाही ने बताया कि उन्होंने बड़ौदा और अश्केलोन के बीच जुड़वां शहर कार्यक्रम की शुरुआत की है। डॉ. शाही के माता-पिता बड़ौदा के रहने वाले थे। मणिपुर में जन्मे एचआर मैनेजर इसहाक थांगजोन लगभग पांच साल पहले इजरायल आए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा वाकई शानदार है।

# ममता बनर्जी के सीधे मुख्यमंत्री अभियान का इंस्टाग्राम पेज हुआ हैक

## साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज



**कोलकाता, 27 फरवरी [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान सरासरी मुख्यमंत्री (सीधे मुख्यमंत्री) अभियान का आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज हैक हो गया है।नागरिकों की शिकायतों को सीधे सुनने के लिए शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफार्म पर हुए इस साइबर हमले ने राज्य प्रशासन के शीर्ष गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवान्न (राज्य सचिवालय) ने सख्त रुख अपनाया है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।सूत्रों के मुताबिक, इस डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हैकिंग की जानकारी मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए और अकाउंट का पासवर्ड बदला गया। भविष्य की जांच और साक्ष्य के तौर पर साइबर विशेषज्ञों ने अकाउंट के लॉग डिटेल्स, टाइम स्टैम्प और स्क्रीनशाट्स को सुरक्षित रख लिया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण पहल को बाधित करने का प्रयास है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर आइपी एड्रेस ट्रैकिंग और अकाउंट गतिविधि का विश्लेषण शुरू कर दिया है। नवान्न ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा।

# अजीत पवार के विमान दुर्घटना मामले: रोहित के आरोपों पर CID ने तोड़ी अपनी चुप्पी, कहा- जांच किसी दबाव में नहीं

**मुंबई 27 फरवरी।** राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार द्वारा अजीत पवार के विमान दुर्घटना मामले में उठाए गए तीखे सवालों पर महाराष्ट्र सीआइडी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि जांच किसी के दबाव में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ रही है। सीआईडी ने रोहित पवार के उन दावों को सिरे से खारिज करने का प्रयास किया है, जिनमें जांच की दिशा को 'भटकाने' का आरोप लगाया गया था। रोहित पवार पिछले कुछ दिनों से इस विमान दुर्घटना की जांच पर लगातार सवाल उठाते आ रहे हैं। वह बुधवार को इस मामले में मुंबई के मरीन लाइंस थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचे थे। वहां रिपोर्ट नहीं लिखे जाने के बाद गुरुवार को 100 से ज्यादा वकीलों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अपने गृहनगर बारामती के पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचे। लेकिन वहां भी उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उन्होंने हाल ही में इंटरनेट मीडिया और पत्र के माध्यम से सीआईडी से पूछा था कि विमान कंपनी के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सीआईडी के एडीजी सुनील रामानंद ने कहा है कि घटना की जांच विस्तृत और पेशेवर तरीके से की जा रही है। सीआईडी जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि विमान दुर्घटना में कोई साजिश तो नहीं थी। इसमें यह भी जांच की जाएगी कि क्या कोई आपराधिक लापरवाही हुई थी। जांच यह पता लगाएगी कि क्या किसी आपराधिक कृत्य, जिसमें गैरकानूनी चूक भी शामिल है, के कारण तो दुर्घटना नहीं हुई। रामानंद ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट पूरी होने के बाद उसके निष्कर्षों को सीआईडी जांच में शामिल किया जाएगा। हमने कई सुबूत एकत्र किए हैं। यदि जांच में लापरवाही या तोड़फोड़ सहित कोई भी आपराधिक पहलू साबित होता है तो सीआईडी भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए केंद्र को पत्र भी लिखा है।



## भारतीय वायु सेना ने पहली बार जारी किया एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 का वीडियो, पाकिस्तान में हुई तबाही के मंजर को दिखाया

**जोधपुर।** पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास वायु शक्ति- 2026 आज होगा। युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु भी मौजूद रहेंगी।तय कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति आज काम्बैट हेलिकॉप्टर (एलएचसी) प्रचंड में उड़ान भरेंगी। भारतीय वायु सेना ने इस युद्धाभ्यास में एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 इंटरसेप्टर को भी शामिल किया है। एस-400 को लेकर पहली बार इसका ऑपरेशनल वीडियो जारी हुआ है। एस-400 इंटरसेप्टर रूस द्वारा निर्मित दुनिया के सबसे उन्नत लंबी दूरी के सतह से हवा में मार करने वाले इंटरसेप्टर रक्षा प्रणालियों में से एक है। यह 400 किमी तक की सीमा में फाइटर जेट, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन जैसे 36 खतरों को एक साथ ट्रैक कर उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।भारतीय वायु सेना ने एस-400 का टीजर जारी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई तबाही के मंजर को दिखाया है। वीडियो में एस-400 दुश्मन के लक्ष्य को बहुत दूर से ही नष्ट करते हुए दिख रहा है। इससे यह साफ हो गया कि भारत की हवाई सुरक्षा बहुत अधिक मजबूत हो गई है।

## इंदौर में कबाड़ की दुकान से गैस रिसाव, आंखों में जलन और खांसी से बेहाल हुए राहगीर, कई पहुंचे अस्पताल

**इंदौर 27 फरवरी।** गुरुवार रात रावजी बाजार क्षेत्र में गैस फैलने से लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होने लगी। घटना रात करीब 10 बजे हुई। रास्ते गुजरते लोगों और वाहन चालकों की आंखों में जलन महसूस हुई। इस दौरान क्षेत्र में खड़े और पैदल गुजर रहे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी ओर तेज खांसी आने लगी। इस बीच किसी ने फोन लगाकर पुलिस को सूचना दी। पता चला कि क्षेत्र में एक दुकान में शहजाद नामक एक कबाड़ी एक पुराना गैस सिलिंडर काट रहा था। इससे निकली गैस से लोगों को परेशानी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस सिलिंडर पर फोम और पानी का छिड़काव कर गैस के प्रभाव को कम किया। इस बीच कबाड़ी से पूछताछ की जा रही है कि उसने सिलिंडर कहा से लिया और कौन सी गैस थी। आशंका जताई जा रही है कि सिलिंडर में अमोनिया गैस हो सकती है। जो पानी साफ करने से लेकर कई उद्योगों में काम ली जाती है। पुराने सिलिंडर में तली पर जमा गैस काटने के दौरान बाहर निकली और लोगों को परेशानी हुई। हवा ठंडी होने के कारण वातावरण में जल्द घुली नहीं और परेशानी का कारण बनी। कुछ लोग अस्पताल भी पहुंचे।

### तमिलनाडु की राजनीति में धमाका

## जयललिता की करीबी रहीं शशिकला ने लॉन्च किया पार्टी का झंडा, नाम पर सस्पेंस बरकरार



**चेन्नई।** निष्कासित एआईएडीएमके नेता वीके शशिकला ने गुरुवार को कहा कि उनकी प्रस्तावित राजनीतिक पार्टी के नाम की औपचारिक घोषणा एक सप्ताह के भीतर कर दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब शशिकला ने एक जनसभा में दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की 78वीं जयंती पर नई पार्टी का झंडा जारी कर नौ वर्षों के राजनीतिक विराम को औपचारिक रूप से समाप्त किया था। शशिकला ने कहा कि गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है और अच्छा फैसला लिया जाएगा। सीमित समय में संगठन खड़ा करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता उन्हें अच्छी तरह जानती है और जनसंपर्क में कोई कठिनाई नहीं होगी। शशिकला ने गुरुवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का नाम एक सप्ताह के भीतर घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने हाल ही में जयललिता की 78वीं जयंती (24 फरवरी) के अवसर पर रमनथपुरम के कामुथी में अपनी पार्टी का लाल, सफेद और काला झंडा फहराया था, जिस पर सी.एन. अन्नादुरई, एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता की तस्वीरें अंकित हैं।

# इजरायल के साथ मजबूती से खड़ा भारत: नेसेट में पीएम मोदी के शब्दों की गूंज, हिब्रू यूनिवर्सिटी ने की तारीफ

**यरूशलम, 27 फरवरी [एजेंसी]।**

हिब्रू विश्वविद्यालय ने इजरायली संसद नेसेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के दौरान साहसी शब्दों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि इससे राजनयिक उपलब्धियों को शैक्षणिक सहयोग में बदला जा सकता है। इजरायली विश्वविद्यालय ने गुरुवार को कहा-भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नेसेट के मंच से आपके द्वारा व्यक्त किए गए हार्दिक और साहसी शब्दों के लिए धन्यवाद। बताते चलें, आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टालरेंस नीति को दोहराते हुए मोदी ने इजरायली सांसदों की तालियों के बीच कहा था कि हम आपके दर्द को समझते हैं। हम आपके दुख में आपके साथ हैं। भारत इस समय और भविष्य में भी पूरी दृढ़ता से इजरायल के साथ खड़ा है। किसी भी कारण से नागरिकों की हत्या को सही ठहराया नहीं जा सकता। आतंकवाद को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह हिब्रू विश्वविद्यालय ने नालंदा विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। हिब्रू विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष प्रोफेसर गाय हार्पाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया, ताकि देशभर के संस्थानों के साथ अकादमिक संबंधों को मजबूत किया जा सके। विश्वविद्यालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी अकादमिक क्षेत्र में भी परिलक्षित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा पूरे देश में डिजिटल चर्चा पर हावी रही। मोदी इंटरनेट मीडिया पर ट्रेंड करते रहे। यह उनके प्रति देश के लोगों के स्नेह को दर्शाता है। उनकी यात्रा को लेकर संसद से लेकर इंटरनेट मीडिया पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत-इजरायल संबंधों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, जो राजनीतिक नेताओं और आम जनता दोनों के बीच समान रूप से महत्वपूर्ण है। वहीं, प्रेट्र के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को इजरायल के लोकप्रिय जासूसी शो फौदा के कलाकारों और टीम से मुलाकात की और इंटरनेट मीडिया पर सेल्फी साझा की।

प्रधानमंत्री ने लिखा, शुक्र है, इस मुलाकात में सिर्फ एक सेल्फी की जरूरत पड़ी, कोई अंडरकवर काम नहीं। इस तस्वीर में पीएम मोदी के साथ फौदा के निर्माता लियोर राज, एवी इस्साचाराफ, अभिनेता लेटिटिया ईडो, डोरोन बेन-डेविड और अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। फौदा एक एक्शन थ्रिलर सीरीज है। यह शो 2015 में इजरायली नेटवर्क यस ओह पर शुरू हुआ और नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो गया।

## पीएम मोदी अजमेर से करेंगे एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ, तीन लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंची



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजस्थान के अजमेर में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन का शुभारंभ करेंगे।एचपीवी वैक्सीन को सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ एक बड़ा सुरक्षा कवच माना जाता है। भारत में प्रतिवर्ष सर्वाइकल कैंसर के लगभग डेढ़ लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75 हजार महिलाओं की मृत्यु होती है, जो वैश्विक मौतों का लगभग एक तिहाई है। हालांकि, कीमत अधिक होने के कारण यह वैक्सीन आम लोगों की पहुंच से दूर है। अब इस वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में शामिल किया जाएगा। अभियान की शुरूआत के लिए एचपीवी वैक्सीन की तीन लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंच चुकी है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह वैक्सीन उन सभी लड़कियों को लगाई जाएगी, जिनकी उम्र 14 से 15 वर्ष के बीच है। शुरूआत में यह वैक्सीन उन अस्पतालों में उपलब्ध होगी, जहां आपातकालीन सुविधाएं 24 घंटे जारी रहती है। राजस्थान के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि पहले चरण में राज्य के सभी जिलों में दस-दस लड़कियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके बाद वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। पीएम मोदी अजमेर में जनसभा को संबोधित करने के साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे।

## जेएनयू में यूजीसी नियमों पर छात्रों का प्रदर्शन जारी, कैंपस के अंदर स्टूडेंट्स को रोकने के लिए लगाए बैरिकेड्स

**नई दिल्ली 27 फरवरी।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्टूडेंट यूनियन संघ यूजीसी के नियमों को लागू करने की मांग को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कैंपस के अंदर स्टूडेंट्स को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए हैं। उन्होंने कैंपस से शिक्षा मंत्रालय तक एक लंबे मार्च का आह्वान किया था, लेकिन जेएनयू प्रशासन द्वारा मार्च की अनुमति न दिए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया और कई पुलिस कर्मी घायल हो गए।वामपंथी छात्र संगठनों के समर्थकों के साथ छात्रसंघ पदाधिकारी अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष गोपिका के बाबू, महासचिव सुनील यादव, संयुक्त सचिव दानिश अली और पूर्व अध्यक्ष नितिश कुमार ने बैरिकेड हटाकर बाहर जाने की कोशिश की।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इमाम का तीखा प्रहार हुमायूं कबीर की बाबरी योजना को बताया साजिश

**कोलकाता, 27 फरवरी [एजेंसी]।**

कोलकाता की शोलआना मस्जिद के इमाम अब्दुल हामिद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बिना किसी का नाम लिए तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में कराए जा रहे बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर निशाना साधा। कोलकाता नगर निगम द्वारा पार्क सर्कस मैदान में आयोजित सालाना इफ्तार पार्टी के दौरान इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुर्शिदाबाद में मस्जिद बनाकर मुसलमानों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। यह सही नहीं है। मैं इसका विरोध करता हूं।उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कोई इमाम शामिल नहीं है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने बाबरी शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया।हालांकि उनके बयान से साफ है कि इमाम का निशाना मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे निलंबित तृणमूल विधायक व नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर की ओर था। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने पिछले साल छह दिसंबर को इस मस्जिद की नींव रखी थी। हाल में इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है।इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हर साल की तरह कोलकाता नगर निगम द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुईं। इस इफ्तार पार्टी में इमामों के अलावा दूसरे धर्मों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान इमाम अब्दुल हामिद ने ममता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के राज में सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लोगों का जो विकास हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इमाम हामिद ने कहा कि इमाम भत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई सरकारी परियोजनाएं बंगाल को देखकर दूसरे राज्यों ने भी लागू किए हैं।



इमाम हामिद ने ममता के शासनकाल में कोलकाता के इस्लामिया अस्पताल के विकास का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पहले, अगर कोई जिंदा इंसान इस्लामिया अस्पताल आता था, वे मरे हुए निकलते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। अब बिहार, झारखंड, त्रिपुरा, मणिपुर से मरीज वहां आ रहे हैं। इफ्तार पार्टी में कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, डिप्टी मेयर अतिन घोष, राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कृषि व संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चटर्जी, कोलकाता के दोनों सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और माला राय, चौरंगी की विधायक नैना बनर्जी, मुख्यमंत्री की भाभी और कोलकाता नगर निगम में पार्षद कजरी बनर्जी भी मौजूद थीं। दूसरी ओर, बाबरी मस्जिद निर्माण को लेकर सवाल उठाने पर पलटवार करते हुए हुमायूं कबीर ने भी इमाम का नाम लिए बिना उन्हें जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे इमामों से उन्हें किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि कुछ इमाम ऐसे हैं जो थोड़े से इमाम भत्ते और अपने फायदे के लिए ममता बनर्जी के पैर दबाते हैं। मुझे परवाह नहीं कि वे क्या कहते हैं।

## प्रिंस खान को आतंकवादी घोषित करने के लिए धनबाद पुलिस ने की अनुशंसा, दुबई के बाद पाकिस्तान से चला रहा गैंग

**रांची, 27 फरवरी [एजेंसी]।**



धनबाद के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान को आतंकवादी घोषित करने की तैयारी है। इसके लिए धनबाद पुलिस ने पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। पुलिस मुख्यालय से राज्य सरकार के गृह विभाग को अनुशंसा भेजी जाएगी। वहां से केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुशंसा की जाएगी। कुख्यात अपराधी प्रिंस खान दुबई में था। दबाव के बाद वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रहकर झारखंड के कारोबारियों से रंगदारी मांग रहा है। उसपर पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संपर्क की सूचना खुफिया एजेंसी ने झारखंड पुलिस को दी है। इतना ही नहीं, प्रिंस खान पर विभिन्न थानों में 125 से अधिक केस दर्ज हैं। इन सभी बिंदुओं पर समयक विचार के बाद धनबाद पुलिस ने उसे आतंकी घोषित करने के लिए पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। पुलिस का मानना है कि प्रिंस खान सिर्फ संगठित अपराध तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पाकिस्तान में बैठकर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने की गतिविधियों में शामिल है। वह पाकिस्तानी आतंकियों के साथ मिलकर देश में आपराधिक या आतंकी वारदात की साजिश रचने में शामिल हो सकता है।

कुख्यात प्रिंस खान के विरुद्ध जांच कर रही झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की अनुशंसा पर सीबीआई के माध्यम से रेड कार्नर नोटिस जारी हो चुका है। उसका पासपोर्ट भी रद हो चुका है। उसकी चल-अचल संपत्ति की कुर्की भी की जा चुका है। धनबाद पुलिस को इनपुट मिला है कि पाकिस्तान पहुंचने के बाद प्रिंस खान ने वहां सक्रिय प्रतिबंधित व संदिग्ध आतंकी संगठनों से संपर्क साधा। पाकिस्तान से भारत में हथियार आपूर्ति के नेटवर्क में भी प्रिंस खान के विरुद्ध जांच चल रही है।

# घर पर पिज्जा बनाते समय इन मसालों का करें इस्तेमाल, मिलेगा असली स्वाद

पिज्जा एक ऐसा व्यंजन है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले पिज्जा मसाले में कई तरह की मिलावट होती हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। ऐसे में क्यों न खुद ही पिज्जा मसाला बनाया जाए? यहां हम आपको कुछ ऐसे भारतीय मसालों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने घर पर ही पिज्जा मसाला बना सकते हैं और इसका असली स्वाद ले सकते हैं।



अजवाइन

अजवाइन एक ऐसा भारतीय मसाला है, जो पिज्जा मसाले में खास भूमिका निभा सकता है। इससे पिज्जा को एक अलग और खास स्वाद मिलता है। अजवाइन का उपयोग करने से पिज्जा में एक ताजगी और खुशबू आती है, जो इसे और भी स्वादिष्ट बनाती है। इसके अलावा अजवाइन के कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं, जैसे यह पाचन को सुधारता है और भूख को बढ़ाता है। इसलिए आप अजवाइन को अपने पिज्जा मसाले में जरूर शामिल करें।

लहसुन पाउडर

लहसुन पाउडर भी पिज्जा मसाले का अहम हिस्सा हो सकता है। लहसुन का स्वाद पिज्जा को एक अलग ही बेहतरीन स्वाद देता है। यह न केवल स्वाद बढ़ाता है बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। लहसुन पाउडर में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को साफ करने में मदद करते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। इसके अलावा लहसुन पाउडर का उपयोग करने से पाचन तंत्र भी सुधरता है और भूख को बढ़ावा मिलता है।

काली मिर्च

काली मिर्च हर भारतीय रसोई में पाई जाने वाली एक सामान्य मसाला है, जिसका उपयोग पिज्जा मसाले में भी किया जा सकता है। काली मिर्च का तीखा स्वाद पिज्जा को एक नया ट्विस्ट देता है और इसे खाने में मजेदार बनाता है। काली मिर्च पाचन तंत्र को सुधारती है और भूख को बढ़ावा देती है। इसके अलावा इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को साफ करने में मदद करते हैं।

लाल मिर्च पाउडर

लाल मिर्च पाउडर आपके पिज्जा को तीखा बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। अगर आप मसालेदार खाना पसंद करते हैं तो यह आपके लिए उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

लाल मिर्च पाउडर खाने का स्वाद बढ़ाता है और इसे मजेदार बनाता है। इसके अलावा इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर की ऊर्जा को बढ़ाते हैं और भूख को बढ़ावा देते हैं। इसलिए आप इसे अपने पिज्जा मसाले में जरूर शामिल करें।

ओरिगैनो

ओरिगैनो एक ऐसा विदेशी मसाला है, जो भारतीय रसोई में भी काफी लोकप्रिय हो चुका है। इसका सुगंधित स्वाद पिज्जा को एक अलग ही रूप देता है और इसे खाने में बहुत ही खास लगता है। ओरिगैनो में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को साफ करने में मदद करते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इन सभी भारतीय मसालों का उपयोग करके आप अपने घर पर ही पिज्जा मसाला तैयार कर सकते हैं।

## अभिनेत्री सम्युक्ता का सबसे दमदार रूप स्वयंभू के टीज़र में वॉरियर अवतार ने मचाया तहलका

अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीज़र में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नज़र हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नज़र आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज़ में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों।

टीज़र में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष-बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई — हर सीन इस बात का सबूत है कि इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है।

सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है — ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज़। इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाथ की स्लम डॉग में विजय सेतुपति और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।



## रोजाना 10 मिनट स्केचिंग करने की आदत कैसे डालें? जानिए



रोजाना 10 मिनट की स्केचिंग की आदत डालना एक सरल और असरदार तरीका है, जिससे आप अपनी रचनात्मकता को बढ़ा सकते हैं। यह आदत न केवल आपके दिमाग को शांत करती है, बल्कि आपके विचारों को साफ करने में भी मदद करती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान कदम बताएंगे, जिनसे आप इस आदत को आसानी से अपना सकते हैं और अपने जीवन में रचनात्मकता ला सकते हैं।

सही समय चुनें

रोजाना स्केचिंग के लिए सही समय चुनना बहुत जरूरी है। सुबह का समय सबसे अच्छा होता है क्योंकि इस समय आपका मन शांत होता है और आप नई ऊर्जा के साथ शुरुआत कर सकते हैं। अगर सुबह का समय संभव न हो तो शाम को भी आप यह कर सकते हैं, बस सुनिश्चित करें कि आपके पास बिना किसी रुकावट के 10 मिनट हों ताकि आप पूरी तरह से इस गतिविधि पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जरूरी सामान तैयार रखें

स्केचिंग के लिए जरूरी सामान जैसे पेंसिल, कागज और रबर हमेशा तैयार रखें। एक छोटा सा नोटबुक अपने पास रखें, जिसमें आप रोजाना कुछ नया बना सकें। अगर आप चाहें तो रंगीन पेंसिल या रंग भी उपयोग कर सकते हैं, जिससे आपके स्केच और भी सुंदर बनेंगे। इसके अलावा एक आरामदायक जगह चुनें जहां आप बिना किसी व्यवधान के स्केचिंग कर सकें और अपना पूरा ध्यान इस पर केंद्रित कर सकें।

बिना किसी दबाव के शुरू करें

स्केचिंग करते समय खुद पर कोई दबाव न डालें। यह सिर्फ एक अभ्यास है, इसलिए इसे मजे के रूप में लें। शुरुआत में सरल चित्र बनाएं जैसे पेड़, फूल या कोई भी साधारण वस्तु।

धीरे-धीरे आप अधिक जटिल चित्र बनाने में सक्षम होंगे। अपने स्केच पर ज्यादा सोच-विचार न करें और बस अपने हाथों को स्वतंत्र छोड़ दें ताकि आपकी रचनात्मकता बेझिझक बह सके। इससे आपको स्केचिंग का असली मजा मिलेगा और आप नियमित रूप से इसे करने लगेंगे।

प्रेरणा लें

अपनी स्केचिंग क्षमताओं को सुधारने के लिए अन्य कलाकारों से प्रेरणा लें। इंटरनेट पर उपलब्ध विभिन्न वीडियो देखें या किताबें पढ़ें, जो आपको नए तरीकों और विचारों से अवगत कराएं। इसके अलावा अपने आसपास की दुनिया को ध्यान से देखें और उसमें से प्रेरणा लें। पार्क में टहलते हुए पेड़ों, फूलों या किसी भी वस्तु को ध्यान से देखें और उन्हें अपने स्केच में उतारने की कोशिश करें। इससे आपकी रचनात्मकता और भी बढ़ेगी।

नियमितता बनाए रखें

कोई भी आदत नियमितता से ही बनती है इसलिए रोजाना 10 मिनट स्केचिंग करने की कोशिश करें। अगर कभी भूल जाएं तो खुद को दोष न दें बल्कि अगले दिन फिर से इसे दोहराएं। धीरे-धीरे यह आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाएगी और आपको इसके कई फायदे महसूस होंगे। इस तरह आप आसानी से अपनी रचनात्मकता बढ़ा सकते हैं और रोजाना 10 मिनट स्केचिंग करने की आदत डाल सकते हैं।

## दिव्या दत्ता की चिरैया का टीजर आउट, घर में होने वाले अन्याय पर उठाएगी सवाल



दिव्या दत्ता की नई वेब सीरीज चिरैया का टीजर आ गया है। यह टीजर भारतीय घरों में होने वाले अन्याय पर सवाल उठाता है। जानें कहां देख सकेंगे सीरीज। कुछ ही देर पहले नई सीरीज चिरैया का टीजर रिलीज हुआ है। इस सीरीज की शुरुआत एक शादी के खुशी भरे मंजर से होती है। एक नई दुल्हन, पूजा, बेहतर जिंदगी की उम्मीद के साथ नया जीवन शुरू करती दिखती है। लेकिन अचानक एक डरावना मोड़ सामने आता है, जिसमें दुल्हन को छत पर उदास और सदमे में दिखाया जाता है।

## फिल्म सूबेदार का पहला गाना लल्ला जारी, रौब जमाते अनिल कपूर का अंदाज देखने लायक

लल्ला एंथम ए वार्निंग फ्रॉम सूबेदार को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, प्राइम वीडियो और टी-सीरीज ने आज अपनी आने वाली ओरिजिनल फिल्म सूबेदार के ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो लल्ला को रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में अनिल कपूर लीड रोल में हैं. यह गाना पूरी तरह से जोश और शानदार विजुअल्स से भरपूर है, जो सूबेदार अर्जुन मौर्य की ताकत, गर्व और उनके अटूट उसूलों को बखूबी दिखाता है. रोहन-विनायक के म्यूजिक और ऋषि उपाध्याय के लिखे इस गाने को विशाल ददलानी ने अपनी आवाज दी है. यह ट्रैक फिल्म की कहानी के बीच चल रहे तनाव और टकराव को एक म्यूजिकल मुकाबले के जरिए पेश करता है. वैसे भी सूबेदार में अनिल कपूर सनी देओल जैसा एक्शन दिखा रहे हैं.



लल्ला गाने की धुन और उसकी रफ्तार पर्दे पर बढ़ते तनाव को बखूबी दिखाती है, जिसमें फिल्म के कुछ दमदार और रफ-टफ सीन्स की झलकियां भी देखने को मिलती हैं. वीडियो में आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला, फैसल मलिक, मोना सिंह और राधिका मदान के किरदारों की प्रभावशाली झलकियां दिखाई गई हैं, जो सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) की कहानी और उनके इमोशनल सफर को और भी गहरा बनाती हैं.

लल्ला सॉन्ग के सिंगर विशाल ददलानी ने कहा, जब लल्ला पहली बार एंथम के तौर पर आया था, तो लोग इसकी एनर्जी से तुरंत जुड़ गए थे. लेकिन एक पूरे गाने के रूप में यह और भी गहरा है, और मुझे

## शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |



## सरगुन मेहता ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम, अफवाह उड़ाने वालों की लगाई क्लास

सोशल मीडिया पर अक्सर सेलेब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर बिना आधार की अफवाहें फैल जाती हैं, जो कि उनकी निजी जिंदगी को परेशान करने लगी हैं। ऐसा ही कुछ कई समय से टीवी-पंजाबी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सरगुन मेहता और उनके पति रवि दुबे के साथ हो रहा था। दरअसल, पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर लगातार यह खबरें फैल रही थीं कि सरगुन मेहता प्रेग्नेंट हैं। इन अफवाहों की वजह से फैंस में काफी उत्साह था, लेकिन कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। अभिनेत्री सरगुन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस मामले पर विराम लगा दिया है। उन्होंने एक नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने खंडन करते हुए लिखा, अफवाह फैलाने वालों को तो पिछले 2 साल से मेरी प्रेग्नेंसी के बारे में मुझसे पहले ही सब पता चल जाता है। उनके अनुसार मैं पिछले 2 साल से प्रेग्नेंट हूं। भला, इतनी लंबी प्रेग्नेंसी किसी की होती भी है क्या? अभिनत्री ने आगे लिखा, प्लीज शांत रहें और बिना किसी आधार की खबरें फैलाना बंद करें। कोई भी खबर फैलाने से पहले हमसे या हमारी टीम से एक बार पूछ लेना ज्यादा मुश्किल नहीं है, ताकि सही जानकारी सामने आ सके।

अभिनेत्री सरगुन मेहता ने नोट शेयर कर लिखा, आपको ऐसी प्रेग्नेंसी के बारे में कैसे पता चल गया, जिसके बारे में मुझे और रवि को ही कोई जानकारी नहीं है? प्लीज ऐसी अफवाहें फैलाना बंद करें।

अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद कई यूजर्स और दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री गौहर खान ने कमेंट बॉक्स में हाथ जोड़ते हुए प्रतिक्रिया दी, तो सरगुन के पति रवि दुबे ने लिखा, क्या कैप्शन है।

सेलेब्स को अपनी निजी जिंदगी को लेकर बार-बार ऐसे झूठे दावों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले कई सेलेब्स इस तरह की झूठी अफवाहों का सामना कर चुके हैं। अभिनेत्री रीम शेख की भी शादी की खबरें उड़ी थीं। दरअसल, लाफ्टर ज्वाइन करने से पहले उनका नाम कंटेंट क्रिएटर कृष गुप्ता के साथ जुड़ा था। साथ ही, यह दावा भी किया गया था कि वे जल्द ही उनसे शादी करने वाली हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए इस पर प्रतिक्रिया दी थी।

## ओ रोमियो ने 12 दिनों में दुनियाभर से बटोरे 92 करोड़, जानिए भारत में कुल कमाई




शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। शुरुआती कुछ दिनों तक इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाकर रखी थी, लेकिन बाद में आंकड़ों में गिरावट आनी शुरू हो गई। दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बाद यह फिल्म लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में भी नाकामयाब दिख रही है। आइए जानते हैं कि ओ रोमियो के लिए 12वां दिन कमाई के मामले में कैसा रहा। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित ओ रोमियो ने पहले हफ्ते में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज के 11वें दिन इसने 1.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं 12वें दिन इसने 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 59.05 करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कम कमाई के बावजूद विशाल ने ओ रोमियो को अपनी सबसे सफल फिल्मों में से एक बताया है। ओ रोमियो को भारत में भले कम कमाई का मुंह देखना पड़ा हो, लेकिन दुनियाभर में इसने अपनी लाज बचाई है। फिल्म ने अब तक करीब 92 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। उम्मीद है कि आंकड़ा जल्द 100 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। बता दें कि शाहिद और तृप्ति के अलावा, फिल्म में कई सारे सितारों की टोली है। नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी और फरीदा जलाल इसका हिस्सा हैं।

# जनहित और विकास का ऐतिहासिक बजटः किसानों मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को बड़ी सौगातः साहू

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा के संदीप साहू ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनहित और विकास को समर्पित ऐतिहासिक बजट बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'समृद्ध किसान, सुरक्षित मजदूर, सशक्त महिला और आत्मनिर्भर युवा' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रभावी प्रावधान किए हैं।

संदीप साहू ने बताया कि कृषि मजदूर भाइयों के कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि मजदूरों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर सरकार ने उनके जीवन स्तर में सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। इससे श्रमिक परिवारों को स्थिर आय और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए कृषि पंपों हेतु 5500 करोड़ रुपये का प्रावधान भी इस बजट की बड़ी विशेषता है। इस राशि से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, नए कृषि पंप कनेक्शन और विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ किया जाएगा। संदीप साहू ने कहा कि सिंचाई की बेहतर व्यवस्था से किसानों की उत्पादन लागत घटेगी और फसल उत्पादन में उल्लेखनीय



वृद्धि होगी। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सरकार ने महतारी वंदन योजना को निरंतर मजबूती देने का निर्णय लिया है। इस योजना के माध्यम से माताओं और बहनों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। संदीप साहू ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना परिवार और समाज दोनों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महतारी वंदन योजना महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। युवा वर्ग के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्वरोजगार योजनाओं को प्रोत्साहन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहायता जैसे कदम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक प्रयास हैं। संदीप साहू ने कहा कि युवाओं को अवसर और संसाधन उपलब्ध कराकर सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में संदीप साहू ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप है। किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण से ही राज्य समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ेगा और यह बजट उसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## पांडवपारा में भारतीय मजदूर संघ का प्रदर्शन श्रमिक हितों पर ठोस निर्णय की मांग

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के पांडवपारा में भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ सहित बड़ी संख्या में श्रमिक, ठेका कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं निर्माण मजदूर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार से श्रम कानूनों का सभी क्षेत्रों में बिना किसी अपवाद के सख्ती और सार्वभौमिक रूप से पालन सुनिश्चित करने की मांग की।



संघ पदाधिकारियों ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप औद्योगिक संबंध संहिता 2020 तथा व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थिति संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। श्रमिकों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान हो तथा भारतीय श्रम सम्मेलन तत्काल बुलाया जाए। विभिन्न त्रिपक्षीय समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें नियमित और सार्थक रूप से संचालित करने की भी मांग उठाई गई। ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने, महंगाई राहत अलग से देने और आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग की गई। ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 से बढ़ाकर 42000 तथा पीएफ की सीमा 15000 से बढ़ाकर 30000 करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। बोनस अधिनियम 1965 के तहत बोनस पात्रता सीमा वेतन के अनुसार बढ़ाने की बात कही गई। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 133 के तहत त्रिपक्षीय समझौते लागू कर कर्मचारियों के पेंशन लाभ और नौकरी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 के अनुरूप योजना एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण तथा सामान्य भर्ती पर लगे प्रतिबंध हटाने की भी मांग उठी। कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद, अशोक दुबे, रामकिशोर मंडल, रामजी पांडे, सुशील शर्मा, बीएल गुप्ता, प्रवीण डहरिया, राजकुमार सिंह, सिकंदर सिंह, विजेंद्र कुमार, रामराज पटेल, राजेश सिंह, विनोद दुबे, धर्मेंद्र सिंह, केदारनाथ सहित सैकड़ों श्रमिक उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश राजवाड़े ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया।

## जल संरक्षण का पांच परसेंट माडल होगा सोनहत का जन आंदोलन:आशादेवी

### सोनहत के हर किसान के घर से लेकर खेत तक जल संरक्षण का संकल्प

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में जल संरक्षण हेतु अपनाया गया पांच परसेंट मॉडल पूरे देश में पहचान बना रहा है और अब इसकी शुरूआत करने वाले सोनहत में यह एक बड़े जन आंदोलन का रूप लेगा। इस माडल को सोनहत विकासखण्ड के हर गांव और हर घर तक ले जाने के लिए पंचायत राज पदाधिकारियों के नेतृत्व में अंतर विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। इसमें जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल सहित समस्त जनपद पंचायत सदस्य शामिल हुए। जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज जगत के साथ सभी विभागों के मैदानी व ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी सोनहत जनपद के सभागार में उपस्थित रहे। जल संचय के लिए कोरिया की इस उपलब्धि के क्रम को आगे बढ़ाते हुए पूरे सोनहत जनपद में आवा पानी झोंकी अंतर्गत जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल आज शुरू हो गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर ने कहा कि सोनहत के प्रत्येक जनप्रतिनिधि को साथ लेकर पूरे 42 ग्राम पंचायतों में पांच परसेंट माडल वाला जल संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक ग्रामीण को इसमें जोड़कर हर किसान के खेत में पांच परसेंट माडल से जल संरक्षण पर कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर में निकासी जल को सोखता गड्ढे के माध्यम से भूमिगत किया जाएगा इसके लिए सभी विभाग को जिम्मेदारी लेनी होगी। आगामी एक मार्च से कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत मोर पानी अभियान आरंभ होगा। इसके अंतर्गत वृहत जल संरक्षण कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जन सहयोग हेतु चौपाल और बैठकें आयोजित कर जन जन को इसमें सहभागी बनाने का कार्य किया जाएगा। वनांचल जनपद सोनहत में जन सहयोग से जल संरक्षण हेतु संरचना निर्माण अभियान आगामी मई माह के अंत तक चलेगा। जनपद पंचायत एक ऐसा संस्थान है जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण आते रहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर जनपद पंचायत सीईओ श्री मनोज और कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक ने जनपद कार्यालय के सामने ही पांच परसेंट माडल का निर्माण करा दिया है। इससे आने वाले समय में जन जन तक यह बात प्रभावी ढंग से जा सकेगी और आम नागरिक प्रोत्साहित होंगे।



## पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति ने किया सम्मेलन

**रायपुर।** पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति ने प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश प्रभारी नारायण घृतलहरे विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि समाज में सत्य और जनहित की आवाज़ को मजबूत करने में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।प्रदेश प्रभारी नारायण घृतलहरे ने कहा कि पत्रकारों को कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन को और अधिक सशक्त बनाना आवश्यक है। बैठक में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार रखे और भविष्य की कार्ययोजना पर सहमति बनी। विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अंत में संगठन की एकजुटता और पत्रकार हितों की रक्षा के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोनिका कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन जीआर सोनी ने किया। इस मौके पर बताया गया कि होली मिलन कई कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किये जाएंगे।



## दांत से काटकर छात्रा ने खुद को अपहरणकर्ता से बचाया

**सूरजपुर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण की कोशिश की गई। वारदात में पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्टेशनपारा में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत नाबालिग छात्रा जब स्कूल जा रही थी तो प्रातः दस बजे कार में सवार चार युवक उसे रोककर कुछ सुंघने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन छात्रा ने युवक का हाथ दांत से काट दिया और हाथ छूटते ही वह तेजी से विद्यालय में प्रवेश कर गई और शिक्षक को घटना की जानकारी दी। शिक्षक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल परिजनों को इस मामले की जानकारी दी और पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। नाबालिग छात्रा के अपहरण की कोशिश जैसी घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई और अनहोनी की आशंका से लोगों की भीड़ भी जमा हो गई।

## रैम्प प्रोजेक्ट के प्रशिक्षार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**कोरिया बैकुंठपुर।** जनपद स्तर पर रैम्प प्रोजेक्ट अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद एवं उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सीईओ एलेक्जेंडर पन्ना रहे, जबकि अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने की। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि क्रख्कक्ष्थद्रद्दष्ल का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, युवाओं एवं स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी चॉइस कंसल्टेंसी की भूमिका को भी सराहा गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू, प्रबंधक तीर्थानंद कंवर, सहायक प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता, सुश्री कल्पना देवांगन एवं मास्टर ट्रेनर रेविका उपाध्याय उपस्थित रहीं।

## मोबाइल की रोशनी से जगमगाया ओपन एम्फीथिएटर

### विकसित भारत के संकल्प को मिला जनसमर्थन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विकसित भारत जी राम जी योजना (वी बी जी राम जी योजना) के तहत व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत सागरपुर ग्राम पंचायत के नवनिर्मित बोट क्लब परिसर स्थित ओपन एम्फीथिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, श्रमिकों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का नेतृत्व कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि वी बी जी राम जी योजना ग्रामीण श्रमिकों को उनके अधिकारों के साथ आजीविका की गारंटी प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम है। 125 दिवसों का रोजगार मिलेगा। योजना के माध्यम से रोजगार सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण और समग्र ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने उपस्थित ग्रामीणों को योजना के प्रमुख प्रावधानों, लाभों और क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा वी बी जी राम जी योजना गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रमिकों ने अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर 'वी बी जी राम जी योजना' के समर्थन में अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। मानव श्रृंखला बनाकर 'वी बी जी राम जी' की आकृति तैयार की गई, जो जनजागरूकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनी। आईईसी गतिविधियों के तहत कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। देशभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस वातावरण ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रमिक उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा से बच्चों को विद्यालय पहुंचाकर स्वावलंबन की मिसाल बनीं गीता दीदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** कभी घरेलू कार्यों तक सीमित रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम बढ़ा रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित 'बिहान' योजना ने महिलाओं को संगठित कर उनके आर्थिक विकास की मजबूत नींव रखी है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में बिहान से जुड़ी महिलाओं को पारंपरिक कार्यों से आगे बढ़ाकर नए व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसी पहल का प्रेरक उदाहरण है ग्राम पंचायत रटगा की गीता दीदी, जो अब ई-रिक्शा से बच्चों को विद्यालय पहुंचाकर स्वावलंबन की राह पर अग्रसर हैं। बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रटगा की 14 महिलाओं ने वर्ष 2018 में 'जय मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह' का गठन किया। समूह की अध्यक्ष चुनी गईं गीता दीदी ने वर्ष 2020 में पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड निर्माण कार्य शुरू किया। लगभग 50 हजार रुपये की सामूहिक लागत से शुरू हुए इस कार्य से समूह ने तीन लाख रुपये की आय अर्जित की, जिससे आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्ष 2021 में गीता दीदी ने समूह के माध्यम से बैंक से व्यक्तिगत ऋण प्राप्त कर 70 हजार रुपये की लागत से किराना दुकान शुरू की। इससे उनके परिवार की दैनिक आय सुनिश्चित हुई और आर्थिक स्थिति में सुधार आया। गत वर्ष





कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा बिहान से जुड़ी महिलाओं को नए व्यवसायों से जोड़ने की पहल की गई। ई-रिक्शा संचालन के विकल्प को गीता दीदी ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया। गत 17 फरवरी को कोरिया महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों गीता दीदी को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की गई। इसके पश्चात उन्होंने अपने गांव में अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय पहुंचाने की सेवा प्रारंभ की। शुरुआत में ही उन्हें 5600 रुपये की अग्रिम राशि प्राप्त हुई और अब वे नियमित रूप से ग्राम पंचायत रटगा एवं आश्रित ग्राम दुधनियां के बच्चों को विद्यालय पहुंचा रही हैं।

## बलरामपुर में धान खरीदी प्रकरणः व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर त्वरित समाधान की लगाई गुहार

**बलरामपुर।** जिले के व्यापारियों ने धान खरीदी प्रकरण को लेकर जिला प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। इस संबंध में व्यापारी सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों के अनुसार जिले में 18 गाड़ियों सहित कुल 18 ट्रॉली धान पकड़ी गई थी, जिसकी जांच प्रक्रिया माननीय कलेक्टर के स्तर पर जारी है। व्यापारियों का कहना है कि जांच लंबित होने के कारण न केवल संबंधित व्यापार प्रभावित हुआ है, बल्कि अन्य वैध रूप से व्यापार करने वाले कारोबारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के चलते व्यापारियों की बैंक किश्तें बकाया हो गई हैं और भुगतान व्यवस्था प्रभावित हुई है।

## अनहोनी से बचाव की आस्थाः ग्राम अमरपुर में एक सप्ताह पहले मनाई गई होली

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला के ग्राम अमरपुर में होली को लेकर एक अनोखी और वर्षों पुरानी परंपरा आज भी निभाई जा रही है। यहां ग्रामीण होली का पर्व मुख्य तिथि से एक सप्ताह पहले मनाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से गांव मे किसी भी अनहोनी से सुरक्षित रहता है। अमरपुर ग्राम पंचायत में दशकों से होली एक सप्ताह पूर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। मंगलवार को गांव में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया, वहीं बुधवार सुबह बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने रंग-गुलाल के साथ जमकर होली खेली। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्वजों के समय गांव में कुछ अनहोनी घटनाएं हुई थीं। इसके बाद गांव के बुजुर्गों ने होली पर्व एक सप्ताह पहले मनाने की परंपरा शुरू की, ताकि गांव पर किसी प्रकार का संकट न आए। होली से पहले गांव में बैठक आयोजित कर तैयारियां की जाती हैं। पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ ग्रामीण पूरे उत्साह से होली खेलने निकलते हैं।



## सर्वसम्मति से प्रकाश नारायण दुबे बने राजस्व निरीक्षक संघ कोरिया के जिला अध्यक्ष



**कोरिया बैकुंठपुर।** विगत दिवस सर्किट हाउस बैकुंठपुर में राजस्व निरीक्षक संघ कोरिया के जिला अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की गई। निर्वाचन के दौरान जिले भर से आए समस्त राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रकाश नारायण दुबे को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। सभी उपस्थित राजस्व निरीक्षकों ने एकमत होकर श्री दुबे के नाम का समर्थन किया, जिसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। मनोनयन के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रकाश नारायण दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि वे संगठन की गरिमा और एकता को बनाए रखते हुए जिले में पदस्थ सभी राजस्व निरीक्षकगणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि लंबित मांगों एवं प्रशासनिक समस्याओं के संबंध में उच्च अधिकारियों से शीघ्र मुलाकात कर सकारात्मक समाधान का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी साथियों से सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की। श्री दुबे के जिला अध्यक्ष बनने पर संघ के सदस्यों में हर्ष का माहौल है। उपस्थित राजस्व निरीक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

### स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने बांधा समा, परिजनों ने अपने-अपने बच्चों की खूब ली तस्वीरें

## आकार पब्लिक स्कूल का दूसरा वार्षिक समारोह हुआ सम्पन्न

**कोरिया पटना।** आकार शिक्षा समिति द्वारा संचालित आकार इंग्लिस मिडियम स्कूल पटना में महिला सशक्तिकरण के थीम पर स्कूल ने अपना दूसरा वार्षिक उत्सव बुधवार को संपन्न किया । समाज में सभी महिलाएं व पुरुष समान है, नारी सदैव से ही पूजनीय व सम्मान के हकदार है इसके साथ उन महिलाओं को विषेष रूप से आमंत्रित किया है जो समाज में पुरूषो के समकक्ष अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने परिवार के लिये विशेष महत्व रखती है। आकार स्कूल ने अपना पहला वार्षिक उत्सव सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में किया था और बुधवार को आयोजित दूसरा वार्षिक उत्सव महिला सशक्तिकरण के तर्ज पर मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गीता राजवाड़े (जिपं सदस्य) के साथ अध्यक्षता नविता शिवहरे (नगर पालिका अध्यक्ष बैकुण्ठपुर), गायत्री सिंह (नगर पंचायत अध्यक्ष पटना) ने सरस्वती प्रतिमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। स्कूल प्रबंधक पूनम सोनी, आशीष सोनी के साथ शिक्षकगणों ने आये हुये परिजनों का फूल व अक्षत तिलक लगाकर अतिथियों के पुष्पगुच्छ व बैच लगाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि रविशंकर शर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, योगेश शुक्ला, राजेश सोनी, विनोद शर्मा, शंकर सोनी, बिहारी लाल राजवाड़े, अशोक गुप्ता, शिवशंकर राजवाड़े, रामनारायण कुशवाहा के साथ जागृति महिला मंडल पटना की पूरी टीम के मौजुदगी में कार्यक्रम समपन्न हुआ। आकार पब्लिक स्कूल के





डायरेक्टर पूनम सोनी ने बताया कि हम अपने स्कूल कार्यक्रम में पहले वर्ष अपना पूरा जीवन शिक्षा के लिये समर्पित रहे सेवानिवृत्त शिक्षको को सम्मानित किया वहीं इस वर्ष हम अपना स्कूल वार्षिक उत्सव को महिला सशक्तिकरण के थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया है। हमारा यह प्रयास रहा कि हम अपने क्षेत्र के उन महिलाओं को सम्मान दे जो समाज में अपनी अलग पहचान रखती हो हमने विभिन्न क्षेत्रो से उन महिलाओं को अपने मंच में बुलाया है जो अपने शिक्षा और विशेष कार्य से जानी जाती है इसके साथ हमने उन महिलाओं को भी मंच में सम्मान किया जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुये अपने परिवार के लिये मील का पत्थर साबित हुई। वार्षिक उत्सव में महिला सशक्तिकरण के तर्ज पर आयोजित मंच में सम्मानित होने वाले किरण सोनी, नीलू वर्मा, ममता कुशवाहा, मीरा सोनी, शगुफता खान, हिना खान, कामनी राजवाड़े, समुद्री राजवाड़े, अमृता सिंह, संगीता सोनवानी, इतवारी बाई के साथ ज्योति दुबे शामिल रही। नन्हें मुन्हें बच्चों दी शानदार प्रस्तुति - आकार पब्लिक स्कूल के शिक्षकगणों ने अपने अध्ययनरत् बच्चों को कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिये उन्हें तैयार किया इसके साथ बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति छत्तगढ़ी नृत्य, रिकार्डिंग डांस, गायन, नाटक मे अभिनय की प्रस्तुति से बच्चों के साथ आये उनके परिजनों अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों को मंच के लिये तैयार करने वाले षिक्षिकाओं भी अतिथियों उनके बधाई देते हुये स्कूल के डायरेक्टर पूनम सोनी शुभकामनाएं दी। स्कूल में शिक्षिका श्वेता कश्यप ने मंच का संचालन किया साथ ही तब्बसुम खान, रोशनी विश्वकर्मा, आफरिन परविन, हर्षिता राजवाड़े, आफरिन खान, दुर्गावती साहू, शिल्पा चौबे का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि गीता राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने कई मंच को साझा किया है पर स्कूल के डायरेक्टर पूनम सोनी की सोच से पूरे कार्यक्रम का माहौल ही बदल गया। हमने कार्यक्रमों में स्कूलों के बच्चों को ही प्रस्तुति देखा किन्तु आकार पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में नारी शक्ति का सम्मान यह इस वार्षिक उत्सव का खास बनाती है। नविता शिवहरे नगर पालिका अध्यक्ष बैकुण्ठपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल के इस अनोखे सोच से समाज में उन महिलाओं को इस मंच बुलाकर उनका सम्मान करना यह स्कूल का पहल सराहनीय है। गायत्री सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आकार इंग्लिस मिडियम स्कूल का यह दूसरा वार्षिक उत्सव है जो महिलाओं का समर्पित है वहीं इनके पहले वार्षिक उत्सव में भी मैं रही इन्होंने अपना पहला वार्षिक उत्सव में सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान किया। इनके स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति देखकर हमारे बचपन का दिन याद आता है। इस स्कूल ने अपना कार्यक्रम अलग अंदाज में किया इसलिए यह अलग है।

# अदाणी पावर : जनसुनवाई में लोगों से ज्यादा रहा पुलिस बल

### परियोजना विस्तार पर 16 हजार करोड़ का निवेश



**कोरबा।** वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे कोरबा जिले में परेशानियां भले ही कम न हो लेकिन औद्योगिक इकाईयों का विस्तार रफ्तार पर है। पूर्ववर्ती लैंको अमरकंटक पावर प्रोजेक्ट का अधिग्रहण करने वाली अदाणी पावर ने अब यहां 800 मेगावाट के साथ परियोजना का विस्तार करना चाहा है। सरगबुंदिया में आज इसके लिए जनसुनवाई रखी गई। यहां जितनी संख्या में लोग पहुंचे थे उसकी तुलना में पुलिस बल ज्यादा नजर आया।

अदाणी पावर ने पुरानी 600 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाली इकाई का विस्तार करना चाहा है। इसमें 200 मेगावाट की बढ़ोत्तरी प्रस्तावित है। इसी के लिए केंद्रीय पर्यावरण विभाग के पास आवेदन किया गया। वहां से मिली तारीख के अंतर्गत आज जनसुनवाई रखी गई। इसके लिए पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग स्तर पर रणीनतिक तैयारी प्रबंधन की ओर से जारी रही। कोई रूठे नहीं और कोई छूटे नहीं के सिद्धांत पर इस योजना पर काम किया गया। लैंको अमरकंटक के अधिग्रहण के बाद से आसपास के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों और लाभान्वितों की संख्या के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व पर जबरदस्त तरीके से फोकस किया गया। आम लोगों पर प्रभाव स्थापित करने की यह पॉलिसी रही। लोगों तक यह बात पहुंचाई गई कि परियोजनों के विस्तार से क्षेत्र का किस कदर कल्याण होगा। खबर है कि बहुत सारे लोगों ने जनसुनवाई का समर्थन करने की मानसिकता बनाई जबकि विरोध करने वाले भी आसपास के क्षेत्र में मौजूद हैं जो आज यहां पहुंचे।

### रोजगार से लेकर कई तरह के दावे

कहा जा रहा है कि अदाणी पावर की इस परियोजना में 5500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रुपए से रोजगार मिल सकेगा। 16 हजार करोड़ का निवेश यहां पर किया जा रहा है। परियोजना की गतिशीलता से आसपास के क्षेत्र के लिए नए सूर्य का उदय हो सकता है।

## होली पर शराब की सुविधा नहीं



**कोरबा।** चौतरफा आलोचना के बाद आखिरकार सरकार ने होली पर ड्राई डे से जुड़ी व्यवस्था प्रभावशील कर दी, यानि होली पर शराब दुकानें पहले की तरह बंद रहेंगी। स्पष्ट आदेश जल्द जारी होने के आसार हैं। इससे पहले कहा गया था कि लोगों को होली पर अतिरिक्त सुविधाएं द जानी है इसलिए प्रदेश में शराब दुकानें खोली जाएंगी, हालांकि इस बारे में अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर अपने विवेक से कर सकेंगे। इस तरह का हल्ला शुरू हुआ तो शराब के उपयोगकर्ता राहत महसूस कर रहे थे जबकि विपक्ष को हाथों-हाथ एक बड़ा मुद्दा मिल गया। कई प्लेटफार्म पर उसने विरोध किया और सरकार को बीते वर्षों में शराबबंदी वाली मांग को लेकर आईना दिखाया। जमकर फजीहत होने पर सरकार को अपने कदम खींचने पड़े। इसलिए अब शराब दुकानें होली पर ऑफ रहेंगीं।

# कोल ब्लॉक पर टेंशन, करतला मार्ग पर चचिया में किया जाम

**दोपहिया को रोकने से भड़के लोग, कहा- यह नाजायज हरकत**



**कोरबा।** तौलीपाली में कोल ब्लॉक नीलामी को लेकर ग्रामीणों ने चचिया के पास मार्ग को जाम कर दिया। कोल ब्लॉक नीलामी को लेकर धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जबकि दोपहिया चालकों को भी रोके जाने से वे भड़क गए और उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर भड़ास निकाली।

करतला मार्ग पर किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर ग्रामीणों की मांग है कोल ब्लॉक नीलामी की प्रक्रिया रदद् की जावे। और क्षेत्र में कोल ब्लॉक से खनन न किया जावे। पिछले एक साल से ग्रामीण इस प्रक्रिया का विरोध करते आ रहे है। लेकिन क्षेत्र में हवाई एवम ड्रोन सर्वे को देख ग्रामीण का गुस्सा फूटा और आसपास के ग्रामीण एकत्रित होकर सड़क जाम कर दिया। उरगा से कुदमुरा की ओर जाने वाले कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ जशपुर खरसिया की ओर जाने वाले लोग जाम में फंस गए। गांव वालों ने दो पहिया वाहन और पैदल चलने वालों को भी रोक दिया है। जाम के कारण ऐसे लोगों को मुसीबत का सामाना करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले और लोगों के बीच जमकर टकराव की स्थिति भी देखने को मिली। आम लोगों ने कहा कि नीतिगत रूप से संबंधित लोगों का विरोध हो सकता है लेकिन जो लोग अपने काम से अलग-अलग रास्ते पर जा रहे हैं उन्हें रोकने का क्या मतलब है और ऐसा करने से कुछ होने वाला नहीं है। दो स्तर पर हो रहे विरोध के कारण अजीब स्थिति निर्मित हो गई। अपने कार्यो से जाने वाले लोगों ने प्रदर्शनकर्ताओं को कहा कि कहीं ऐसा न हो कि वे इस मामले में बुरी तरह से फंस जाएं और बाद में फिर लेने के देने पड़ जाए।

### न पुलिस पहुंची न प्रशासन

तौलीपाली में मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किए जाने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परीक्षा से लेकर दूसरे कामकाज में इंगेज किए गए वर्ग ने इस प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई? अगर नहीं तो इनके खिलाफ उचित कार्यवाही होना चाहिए। पीड़ितों ने इस मामले को लेकर यहां-वहां फोन खटखटाए लेकिन दोपहर 12 बजे तक पुलिस और प्रशासन का पता नहीं था।

## न हो गति सीमा का उल्लंघन स्पीडोमीटर से निगरानी जारी



**कोरबा।** कोरबा जिले में नेशनल हाईवे संख्या 130 कटघोरा अंबिकापुर पर हादसों का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। इसलिए अलग-अलग पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस स्पीडोमीटर के साथ वाहनों की गति सीमा पर निगरानी कर रही है। निर्धारित सीमा से पार जाने वाले मामलों में ई-चालान का विकल्प मौजूद है।

पाली बांगो रोड में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस की टीम स्पीडोमीटर के साथ मौजूद रही। हाईवे पर सामान्य और भारी वाहनों 24 घंटे रहता है और ऐसे में सुबह के समय अनेक मामलों में चालकों की मनमानी बढ़ जाती है। इस वजह से एक्सीडेंट भी होते हैं। पिछले कुछ दिनों में हाईवे पर हुई घटना दे पुलिस के अधिकारियों का ध्यान एक बार फिर खींचा है और वह अब अलग-अलग स्थान पर स्पीडोमीटर से वाहनों की स्पीड पर नजर रखना पर ध्यान देने को तैयार हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस के जवान संबंधित उपकरण के साथ अलग-अलग पॉइंट पर उपस्थित देकर गाड़ियों की मॉनीटरिंग कर रहे है कि वह लिमिट में चल रहे हैं या फिर ओवर स्पीड के साथ। बताया गया कि नियम का उल्लंघन होने के साथ ही यह उपकरण ऐसे मामलों पर स्वतः संज्ञान लेता है। इस आधार पर रीडिंग होती है और फिर संबंधित गाड़ी मालिक को ई - चालान की कॉपी भेज दी जाती है। कार्रवाई का उद्देश्य वाहन चालकों को आवागमन के मामले में पूरी तरह से जवाबदेह और जागरूक करने का है। कोरबा जिले में एडिशनल एसपी लखन पटले और नीतिश ठाकुर के निर्देश पर ट्रैफिक का फील्ड अमला लगातार इस प्रकार की कार्रवाई करने में लगा हुआ है।

## स्वास्थ्य केंद्र में मवेशियों की दखल और गंदगी से बढ़ी मरीजों की परेशानी, प्रबंधन उदासीन

### कटघोरा में व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं दे रहे बीएमओ



**कोरबा।** सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाने के लिए वादे भी किए जा रहे हैं और कुछ हद तक काम भी हो रहा है। इन सबसे हटकर कटघोरा स्थित 50 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था और गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल भवन बाहर से व्यवस्थित नजर आता है, किंतु भीतर प्रवेश करते ही स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है। विशेष रूप से शौचालयों की हालत अत्यंत खराब बताई जा रही है। शौचालयों में नियमित सफाई का अभाव है, जिससे दुर्गंध और गंदगी के कारण मरीजों को असुविधा हो रही है। परिजनों का कहना है कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है। अस्पताल परिसर में कई दफा मवेशियों के घूमते रहने की शिकायतें भी सामने आई हैं। कई बार परिसर में गोबर और कचरा फैला देखा गया है। इससे अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। जबकि अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति होने के बावजूद नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि कटघोरा में प्रस्तावित 100 बिस्तर अस्पताल के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि जब वर्तमान 50 बिस्तर अस्पताल का रखरखाव ठीक से नहीं हो पा रहा है, तो भविष्य में बड़ी सुविधा के संचालन को लेकर भी आशंकाएं बनी हुई हैं। अस्पताल में पदस्थ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में उपचार मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

### शक्ति केंद्र को बढ़ाने हो रहा विचार

कोरबा। भाजपा कोबसाबाड़ी नगर मंडल में संगठन को मजबूत करने के लिए शक्ति केंद्र को बढ़ाने पर विचार चल रहा है। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां बूथों की संख्या अधिक है और क्षेत्र की दूरी अधिक होने से कार्यकर्ता ठीक ढंग से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में कोसाबाड़ी नगर मंडल क्षेत्र में शक्ति केंद्र को बढ़ाने पर विचार चल रहा है। कुल यहां 84 बूथ हैं, जो 18 शक्ति केंद्रों में आते हैं। इस मामले को लेकर आज कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, तेरस महंत, गोपलाल राठिया ने एक बैठक बुलाई है।

## जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्राम सचिवालयों में कैंप कर जानी समस्या

**कोरबा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर सप्ताह के अंतिम कार्यदिवस शुक्रवार को ग्राम सचिवालय विजिट के लिए निर्धारित किया यगा है। जिला और अनुभग स्तर के अधिकारियों ने ग्राम सचिवालय पहुंच कर कैंप किया। लोगों से समस्याएं जानी। कुछ मामलों में प्राप्त आवेदनों को जिला पंचायत को दिए जाने हैं।

कलेक्टर ने पिछले दिनों व्यवस्था दी थी की अधिकारियों को अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा। उन्हें कहा गया कि कामकाज के अंतर्गत हर सप्ताह में पंचायत सचिवालयों का रूख तय किया जाए। अलग-अलग स्तर पर इस काम को करना है। निर्देश के तहत अधिकारियों को ग्राम पंचायतों को स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के साथ यह देखना है कि व्यवस्था कैसी चल रही है। वहां पर कोई समस्या तो नहीं है। इस तरह की तस्वीर के बारे में प्वांइट नोट करने के साथ इस बारे में ऊपर नोट कराना है। इसके अलावा अगर ग्रामीणों की ओर से व्यक्तिगत या गांव से जुड़ी समस्या को लेकर कोई आवेदन दिए जाते हैं तो यथा संभव मौके पर इसका निराकरण किया जाए। अन्य स्थिति में संबंधित आवेदन जिला पंचायत को प्रस्तुत किये जाए, ताकि वहां से निराकरण किया जा सके। जिला प्रशासन के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आज पंचायत सचिवालयों में पहुंचकर कैंप किया गया। अधिकारियों का कहना है कि व्यवस्था को ठीक करने के लिए जो विकेन्द्रीकरण किया गया है, उसके काफी अच्छे नतीजे लगातार प्राप्त हो रहे हैं। कोशिश यही है कि हर क्षेत्रों की समस्याएं कम हो और लोगों को राहत प्राप्त हो।

## कोयला कामगार एसईकेएमएसी के सदस्य बने

**कोरबा।** एसईकेएमसी को मजबूत करने के लिए संगठन अपने पुराने सदस्यों पर फोकस कर रहा है। कल दीपका में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर कुछ कामगार एसईकेएमसी में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, सतश सिंह, संजीव शर्मा, रामकुमार कौशिक, रसूल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। पिछले दिनों कुसमुडा में भी एक कार्यक्रम आयोजित हुआ था जिसमें काफी संख्या में कोयला कामगार एसईकेमएसी का सदस्य बने।

# न्यू अमरैया पारा में ड्रेनेज व सड़क निर्माण शुरू

### लोगों को अरसे बाद मिलेगी बड़ी राहत



**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 स्थित न्यू अमरैया पारा में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खान घर से साहू घर तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य पर लगभग 4 लाख रुपये की लागत आएगी।

पार्षद प्रतिनिधि टीकम राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से इस क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी तथा बरसात का पानी सीधे सड़क पर बहता था, जिससे कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती थी। खासकर बारिश के दिनों में राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतें होती थीं।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्थल निरीक्षण एवं आवश्यक अध्ययन के बाद प्रस्ताव तैयार कर नगर निगम को भेजा गया था। निगम प्रशासन द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के बाद अब निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। राठौर ने कहा कि नाली और सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी, स्वच्छता में सुधार होगा और आवागमन सुगम बनेगा। इससे क्षेत्र की सूरत और व्यवस्था दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्य शुरू होने पर संतोष जताते हुए जनप्रतिनिधियों और निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**कोरबा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल बिलासपुर एवं नगरपालिका परिषद दीपका के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 7, कृष्णानगर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में दोनों संस्थाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया।

कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद शांति देवी राजपूत की उपस्थिति रही। सीआईएसएफ के जवानों ने क्षेत्र की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों तथा आसपास के परिसरों की सघन सफाई की। साथ ही स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा निर्धारित कूड़ेदान में डालने और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान उप महानिरीक्षक निर्विकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है तथा स्वच्छता ही स्वस्थ और सशक्त भारत की आधारशिला है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद दीपका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता एक सतत सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसमें सभी नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। वहीं परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत ने नियमित साफ-सफाई को बीमारियों की रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने, कचरा पृथक्करण अपनाने तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया।

### शांति समिति की बैठक आज लेंगे एसडीएम

**कोरबा।** होलिका दहन और रंगोत्सव को लेकर कटघोरा में एसडीएम तन्मय खन्ना आज शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक लेंगे। टीआई धर्मनारायण तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और मीडिया कर्मी बैठक में मुख्य रूप से शामिल होंगे। इससे पहले प्रशासन और पुलिस की ओर से अपील की जा चुकी है कि होली को गरिमा के साथ मनाएं।

मकान बेचना है
जय भोले
टी.पी.नगर कोरबा में डबल स्टोरी मकान 2400 स्क्वायर फीट प्लाट में निर्मित है, बेचना है।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

## सुपर हीरो थीम की पिचकारियों का ट्रेंड बना है होली के लिए



**कोरबा।** कई वर्षों बाद होलिका दहन और रंगोत्सव के बीच एक दिन का अंतर है। 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा और 4 मार्च को लोग रंग-गुलाल खेलेंगे। कोरबा नगर, उपनगरीय क्षेत्र से लेकर कस्बों में जो दुकानें लगी है उसमें सुपरहीरो थीम से लेकर कार्टून वाली पिचकारियों की मांग ज्यादा है।

कोरबा के निहारिका, कोसाबाड़ी, पुराना बस स्टैंड और अन्य क्षेत्रों में होली के लिए मार्केट सज गया है। कारोबारियों ने बताया कि कार्टून से लेकर स्पाइडरमैन, छोटा भीम, डोरेमॉन और पावर रेंजर जैसे किरदारों की डिजाइन वाली पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं। हल्की प्लास्टिक से बनी ये पिचकारियां रंगीन और आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध हैं। दुकानदारों के मुताबिक, अभिभावक भी बच्चों की पसंद को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे इनकी बिक्री तेज हो गई है। युवाओं के बीच इस बार एलईडी लाइट वाली और बड़े टैंक मॉडल की पिचकारियां ट्रेंड कर रही हैं। बैटरी से चलने वाली गन स्टाइल पिचकारियां, जिनमें रंग भरने की बड़ी क्षमता होती है, खासा आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कुछ मॉडलों में प्रेशर पंप सिस्टम भी दिया गया है, जिससे पानी दूर तक फेंका जा सकता है। इनकी कीमत 250 रुपये से लेकर 800 रुपये तक बताई जा रही है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए इस बार इको-फ्रेंडली और बायोडिग्रेडेबल मटेरियल से बनी पिचकारियों की मांग भी बढ़ी है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com